FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 5 । अंक: 141 जयपुर, शनिवार, 02 मई, 2026 । ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विसं 2083 पृष्ठ: 12 । मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### पवन खेड़ा को शर्तों के साथ मिली अग्रिम जमानत



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को निर्देश दिया कि वे जांच में सहयोग करें और बुलाए जाने पर थाने में पेश होंगे, साथ ही सबूतों को प्रभावित करने या उनके साथ छेड़छाड़ करने से बचेंगे। कोर्ट ने खेड़ा को यह भी बताया कि वे कोर्ट की अनुमति के बिना देश छोड़कर नहीं जा सकते।

### नोएडा एयरपोर्ट: 15 जून से शुरू होंगी वाणिज्यिक उड़ानें



**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (एनआईए) 15 जून से वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन शुरू करेगा। एनआईए ने शुक्रवार को यह घोषणा की। हवाई अड्डा संचालक के बयान के अनुसार, पहली यात्री उड़ान का संचालन इंडिगो करेगी, जिसके बाद अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी जल्द परिचालन शुरू करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। इसके बाद जल्द ही यहां से घरेलू और कार्गो सेवाओं के शुरू होने के कयास लगाए जा रहे थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


### सड़क दुर्घटनाओं में मौत के डरावने आंकड़ों पर लगाम लगाने की सरकारी कवायद का यह है 'कड़वा सच'...

# 5 साल में सड़क सुरक्षा का एक तिहाई बजट भी खर्च नहीं...

सच बेधड़क एक्सक्लूसिव

पंकज सोनी | बेधड़क

**जयपुर।** हर साल जब सड़क हादसों में मौत के आंकड़े सामने आते हैं तो वो हमें डराते हैं। इन हादसों पर लगाम लगाने को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते रहे हैं। सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने से लेकर जागरूकता अभियानों की लंबी सूची पेश की जाती है, लेकिन इन दावों और अभियानों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। **'सच बेधड़क'** ने जब राजस्थान में सड़क सुरक्षा पर होने वाले खर्च के आंकड़ों की पड़ताल की तो यह चौंकाने वाला सच सामने आया कि प्रदेश में बीते पांच साल के दौरान सड़क सुरक्षा के नाम पर आवंटित हुए बजट का एक तिहाई हिस्सा भी खर्च नहीं हो पाया। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाएं और मौतों का आंकड़ा तो लगातार बढ़ता रहा, लेकिन सड़क सुरक्षा के लिए आवंटित बजट के खर्च का आंकड़ा 60 फीसदी तक भी नहीं पहुंच पाया। वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक कुल करीब 85,383.15 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया, लेकिन केवल 27,450.08 लाख रुपए ही खर्च किए गए। यानी कुल बजट का लगभग 32.14 प्रतिशत ही उपयोग में लिया जा सका, जबकि करीब 67.86 प्रतिशत राशि का उपयोग ही नहीं हो सका। यह स्थिति बताती है कि परिवहन विभाग को सड़क सुरक्षा के लिए बजट आवंटन तो हो रहा है, लेकिन योजनाओं का क्रियान्वयन उतना प्रभावी नहीं है। सरकारी दस्तावेजों में बजट खर्च नहीं होने के पीछे प्रस्तावों में देरी, प्रक्रियागत बाधाएं और प्रशासनिक कारण बताए जाते हैं, लेकिन लगातार बढ़ते हादसे इन तर्कों पर सवाल खड़े करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सड़क सुरक्षा केवल घोषणाओं और अभियानों से नहीं, बल्कि योजनाओं के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन से सुनिश्चित होती है। जब तक स्वीकृत बजट का पूरा उपयोग नहीं होगा, तब तक हादसों पर नियंत्रण संभव नहीं है।




वर्षवार सड़क हादसे व मौतों का आंकड़ा

| वर्ष | दुर्घटनाएं | मौतें |
|---|---|---|
| 2020 | 19,114 | 9,250 |
| 2021 | 20,951 | 10,043 |
| 2022 | 23,614 | 11,104 |
| 2023 | 24,705 | 11,762 |
| 2024 | 24,838 | 11,790 |

### खर्च में ढिलाई क्यों?

सरकारी स्तर पर बजट खर्च नहीं होने के पीछे प्रस्तावों में देरी, तकनीकी स्वीकृतियों में अड़चन और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को कारण बताया जाता है, लेकिन लगातार बढ़ते हादसे इन तर्कों को कमजोर कर देते हैं। सवाल यह है कि जब हर साल हजारों लोग सड़क हादसों में जान गंवा रहे हैं, तो सड़क सुरक्षा पर खर्च करने में यह ढिलाई क्यों?

### वित्त वर्षवार बजट स्वीकृति एवं खर्च का विवरण

| वित्त वर्ष | स्वीकृत कुल बजट (लाख रुपए में) | खर्च राशि (लाख रुपए में) | खर्च प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 9,304.05 | 2,636.35 | 28.34% |
| 2021-22 | 31,544.49 | 7,510.07 | 23.81% |
| 2022-23 | 16,130.85 | 3,943.05 | 24.44% |
| 2023-24 | 12,982.76 | 7,283.35 | 56.10% |
| 2024-25 | 15,421.00 | 6,077.26 | 39.41% |

"रोड सेफ्टी को लेकर संचालित की जाने वाली एनजीओ आधारित योजनाओं और ट्रांसपोर्ट विभाग की फंडिंग में स्पष्ट मैकेनिज्म का अभाव है। सड़क सुरक्षा के लिए बजट होने के बावजूद उसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा, जबकि सड़कों पर मौतों के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। रोड सेफ्टी माह भी महज खानापूर्ति बनकर रह गया है। इस मुद्दे पर मुख्य सचिव स्तर पर चर्चा के बावजूद अभी तक कोई ठोस प्रणाली विकसित नहीं हो सकी है।

**-निशा बग्गा,** प्रेसिडेंट, कम्युनिटी फॉर सेफर रोड

### यूं बढ़ रहा मौतों का आंकड़ा

प्रदेश में वर्ष 2020 से 2025 तक दुर्घटनाओं में मौतों का ग्राफ लगातार ऊपर गया है। 2020 में 19,114 हादसों में 9,250 लोगों की मौत हुई थी, जो 2025 तक बढ़कर 12,069 मौतों तक पहुंच गई। बीच के वर्षों में भी दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे साफ है कि सड़क सुरक्षा के उपाय जमीनी स्तर पर असरदार साबित नहीं हो रहे हैं।

### भजनलाल सरकार का स्किल पर फोकस

# युवा सीखेंगे विदेशी भाषाएं, सरकार ने किया एमओयू

## सीएम बोले- युवाओं को पेपरलीक के दंश से मुक्ति दिलाई

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम के तहत महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) किए हैं। बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान पेपर लीक जैसी घटनाओं ने युवाओं के साथ अन्याय किया, लेकिन वर्तमान सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए अब तक 351 परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित करवाई हैं और एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। राज्य सरकार युवाओं को केवल रोजगार तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि उन्हें कौशल से जोड़कर आत्मनिर्भर बना रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कौशल विकास विजन को आगे बढ़ाते हुए राज्य ने इंग्लिश एवं फॉरेन लैंग्वेजेज यूनिवर्सिटी और नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ समझौते किए हैं। इसके जरिए युवाओं को फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, जापानी और कोरियन जैसी विदेशी भाषाएं सीखने का अवसर मिलेगा। राजस्थान जैसे पर्यटन राज्य में विदेशी भाषाएं सीखने से गाइड, होटल मैनेजर और ट्रैवल सेक्टर से जुड़े युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं और अधिक बढ़ेंगी।

### विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम के तहत समझौता



*कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम भजनलाल शर्मा। साथ में हैं (बाएं से) केंद्रीय राज्यमंत्री जयन्त चौधरी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्यमंत्री के.के. विश्नोई व सीएस वी. श्रीनिवास।*

### भाषा समाज को जोड़ने का जरिया: प्रधान

कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि देश का युवा अब डिग्री से आगे बढ़कर कौशल संवर्धन की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि समाज को जोड़ने का सशक्त जरिया है और नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा को बहुभाषी और वैश्विक बनाने पर जोर दिया गया है। प्रधान ने कहा कि राजस्थान सुशिक्षित और आगे की सोच रखने वाला राज्य है, जहां 75 प्रतिशत आबादी युवा वर्ग की है। उन्होंने कहा कि 'जहां ना पहुंचे बैलगाड़ी, वहां पहुंचे मारवाड़ी' जैसी कहावत राज्य की वैश्विक



पहचान को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि एक हजार बच्चों को पांच विदेशी भाषाएं सिखाने का निर्णय लिया गया है, जिससे युवाओं को कोरिया और जापान जैसे देशों में रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

### हमारे हुनरमंद युवाओं को मिल रहा वैश्विक मंच

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने कहा कि यह एमओयू भारतीय युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों के द्वार खोलेगा और उनके कौशल को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने इसे युवाओं को अवसरों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया, जबकि कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता राज्यमंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि सरकार युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रयासरत है।

### तेल की कीमतों में बढ़ोतरी संभव

# कमर्शियल सिलेंडर के बाद अब पेट्रोल-डीजल की बारी

बेधड़क | नई दिल्ली

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के बाद अब पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने की बारी है। इसके साफ संकेत मिल गए हैं। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि निकट भविष्य में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से इनकार नहीं किया जा सकता है। मध्य पूर्व में जारी संकट के कारण ग्लोबल क्रूड ऑयल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद खुदरा दरों को चार साल से स्थिर रखा गया है। इसके कारण तेल कंपनियों का नुकसान बढ़ता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें इस सप्ताह बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। हालांकि इसमें हल्की गिरावट आई है, फिर भी कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं।



**कंपनियों को नुकसान?**

| | |
|---|---|
| पेट्रोल | ₹14 प्रति लीटर |
| डीजल | ₹18 प्रति लीटर |

क्रूड ऑयल 110 डॉलर के पार

### ₹993 महंगा हुआ कमर्शियल सिलेंडर



सरकार ने गुरुवार देर रात 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में ₹993 की बड़ी बढ़ोतरी की। कमर्शियल गैस सिलेंडर अब 2106 रुपए के बजाए 3099 रुपए में मिलेगा। वहीं, 5 किलो के सिलेंडर को भी 241 रुपए तक महंगा कर दिया गया है। हालांकि घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कंपनियों ने कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

### ममता ने दी EC के फैसले को चुनौती

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में वोटों की गिनती के दौरान सुपरवाइजर की नियुक्ति को लेकर चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देते हुए टीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट की ओर रुख किया है। ममता बनर्जी ने इससे पहले मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन हाई कोर्ट ने उनकी मांग को खारिज कर दिया था। अब उसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, रविवार को छुट्टी के बावजूद सुप्रीम कोर्ट की 2 जजों की बेंच सुबह 10:30 बजे से केस की सुनवाई करेगी।

### ट्रंप का एक और झटका

# यूरोपीय वाहनों पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा

एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले सप्ताह यूरोपीय संघ (ईयू) से आयातित कारों एवं ट्रकों पर शुल्क बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर देंगे। इस कदम से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यूरोपीय संघ 'हमारे सहमत व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहा है'। ट्रंप का का उद्देश्य विदेशी कंपनियों को अमेरिकी जमीन पर निवेश करने और वहीं कारखाने स्थापित करने



के लिए मजबूर करना है। राष्ट्रपति ने यूरोपीय वाहन निर्माताओं को एक विकल्प भी दिया है। उन्होंने कहा कि यदि ये कंपनियां अमेरिका के भीतर ही उत्पादन करती हैं, तो उन पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी एवं न्यायिक शिक्षा सम्मेलन

# देश की पहली पेपरलेस न्यायपालिका सिक्किम में

## तकनीक के साथ न्यायिक शिक्षा में बदलाव जरूरी: सीजेआई

बेधड़क | गंगटोक

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को सिक्किम को देश का पहला पूर्णतः पेपरलेस न्यायपालिका वाला राज्य घोषित किया।

यह घोषणा गंगटोक में आयोजित प्रौद्योगिकी एवं न्यायिक शिक्षा सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में की गई। इस अवसर पर सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ए. मुहम्मद मुस्ताक भी मौजूद रहे। पेपरलेस न्यायपालिका का अर्थ है



कि अदालतों में सभी कार्य- जैसे फाइलिंग, सुनवाई, दस्तावेज और केस ट्रैकिंग डिजिटल माध्यम से किए जाते हैं और कागज का उपयोग नहीं होता। अपने संबोधन में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि बदलती तकनीक के साथ न्यायिक शिक्षा में भी बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि अब केवल कानून की जानकारी काफी नहीं है, बल्कि जजों को नई तकनीकों और एल्गोरिद्म की समझ भी होनी चाहिए। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में मौजूद संभावित पक्षपात को पहचानना भी जरूरी है, ताकि न्याय प्रक्रिया निष्पक्ष बनी रहे।

### डिजिटल प्रक्रिया से न्याय तक पहुंच हुई आसान

सीजेआई ने बताया कि सिक्किम में पहले कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण लोगों को अदालत तक पहुंचने में दिक्कत होती थी, लेकिन अब डिजिटल व्यवस्था के कारण लोग बिना यात्रा किए ही अपनी याचिका दाखिल कर सकते हैं और सुनवाई में शामिल हो सकते हैं।

### आईपीएल: दिल्ली ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराया

# पराग की मेहनत पर फिरा पानी

बेधड़क | जयपुर

इंडियन प्रीमियर लीग-2026 के 43वें मुकाबले में शुक्रवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हरा दिया।

लगातार तीन हार के बाद दिल्ली ने वापसी की, जबकि राजस्थान की घरेलू मैदान पर यह लगातार दूसरी हार रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 225 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम की शुरुआत खराब रही और 12 रन पर दो विकेट गिर गए। इसके बाद कप्तान रियान पराग (90) और ध्रुव जुरेल (42) ने तीसरे विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी कर पारी संभाली। अंत में डोनोवन फरेरा ने 14 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। 226 रन के टारगेट को दिल्ली ने 5 गेंद पहले ही चेज कर लिया। केएल राहुल (75) और पथुम निसांका (62) ने अर्धशतक लगाया। ट्रिस्टन स्टब्स 18 और आशुतोष शर्मा 25 रन बनाकर नाबाद रहे।



*केएल राहुल*

## जरूरी खबर

### ग्राम रथ अभियान में योजनाओं की जानकारी देगी BJP

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार किसानों तक कृषि योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए 'ग्राम रथ' अभियान चला रही है। इन रथों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी, लाभ और आवेदन प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भाजपा संगठन भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएगा। प्रदेश पदाधिकारियों की टीमें ग्राम रथों के साथ जुड़कर आमजन को योजनाओं की जानकारी देंगी। साथ ही 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट' के जरिए कृषि नवाचार और विकास योजनाओं को प्रदेशभर में पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। राठौड़ ने बताया कि आयोजन की निगरानी के लिए प्रदेश स्तर पर मॉनिटरिंग समिति का गठन किया गया है, जिसमें मुकेश दाधीच सहित अन्य नेताओं को शामिल किया गया है। इसके अलावा सभी संभागों में समन्वयकों की नियुक्ति कर तैयारियों को गति दी गई है।

### RGHS में इलाज से इनकार पर आयोग सख्त

**जयपुर।** राजस्थान में सरकारी कर्मचारियों को RGHS के तहत चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिलने के मामले में राज्य मानवाधिकार आयोग ने स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लिया है। राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी ने इस प्रकरण को गंभीर बताते हुए कहा कि यह सरकारी कर्मचारियों के मानव अधिकारों का उल्लंघन है। आयोग ने मामले में वित्त सचिव, चिकित्सा सचिव, RGHS सचिव और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। आयोग ने निर्देश दिए हैं कि इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं और 20 मई तक अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### 4 मई को परिणाम भाजपा के पक्ष में आएगा: मुंडा

**जयपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी राज्यों में कड़ी मेहनत की है और पार्टी को पांच राज्यों में बढ़त के साथ सरकार बनने की उम्मीद है। वे शुक्रवार को राजस्थान दौरे के दौरान भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं ने वहां निर्भयता और समर्पण के साथ काम किया है। मुंडा ने विश्वास जताया कि 4 मई को परिणाम भाजपा के पक्ष में आएंगे और बंगाल में कमल खिलेगा।

**सरकारी कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू: SSO पोर्टल से होगा ऑनलाइन आवेदन**

# राजकीय कॉलेजों में अब होगा प्रवेश के लिए आधार-जनाधार अनिवार्य

बेधड़क | जयपुर



राजस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया इस बार पूरी तरह आधार और जनाधार से लिंक कर दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने साफ किया है कि राज्य के विद्यार्थियों के लिए जनाधार कार्ड और अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य होगा। इस कदम का उद्देश्य प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना और सरकारी योजनाओं में फर्जीवाड़े पर रोक लगाना है। प्रदेश के लगभग 665 सरकारी कॉलेजों में इस वर्ष करीब 2 लाख 68 हजार सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा। प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को SSO पोर्टल पर पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन से लेकर मेरिट सूची और फीस जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से होगी। राजस्थान में आधार-जनाधार आधारित यह नई प्रवेश व्यवस्था न केवल प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएगी, बल्कि योग्य विद्यार्थियों तक अवसर पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

### मेरिट के आधार पर मिलेगा प्रवेश

राजकीय कॉलेजों में प्रवेश पूरी तरह मेरिट आधारित होगा। स्नातक में प्रवेश 12वीं के अंकों के आधार पर और स्नातकोत्तर में स्नातक के अंकों के आधार पर दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि के बाद मेरिट सूची जारी की जाएगी, जिसके अनुसार दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा कराने की प्रक्रिया पूरी होगी। जिन कॉलेजों में एक ही कोर्स में सरकारी और स्ववित्तपोषित (SFS) सीटें उपलब्ध हैं, वहां अभ्यर्थियों को दोनों के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा।

### 15 मई 2026 तक कर सकेंगे आवेदन

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 1 से 15 मई 2026 तक चलेगी, जबकि कॉलेज स्तर पर आवेदन सत्यापन की अंतिम तिथि 19 मई निर्धारित है। इसके बाद 20 मई को अंतिम वरीयता सूची सूची जारी की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 25 मई तक दस्तावेजों का सत्यापन करवाकर ई-मित्र के माध्यम से फीस जमा करानी होगी, वहीं 27 मई को प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची जारी की जाएगी और 29 मई को वर्ग निर्धारण एवं विषय आवंटन किया जाएगा। इसके बाद रिक्त सीटों के लिए दूसरा चरण 29 मई से 4 जून तक चलेगा, जिसमें आवेदन सत्यापन 6 जून तक, प्रतीक्षा सूची 8 जून को, दस्तावेज सत्यापन व फीस जमा 11 जून तक और प्रवेश सूची 15 जून को जारी होगी, जबकि 16 जून को विषय आवंटन किया जाएगा। डिफॉल्टर विद्यार्थियों के लिए तीसरे चरण में 16 जून को वरीयता सूची जारी होगी। 20 जून तक दस्तावेज सत्यापन व फीस जमा करानी होगी।

### 1 जुलाई से शुरू होंगी नियमित कक्षाएं

एक जुलाई से नए शैक्षणिक सत्र की कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी। विभाग का कहना है कि इस बार तकनीकी सुधारों के जरिए प्रक्रिया को अधिक सरल और पारदर्शी बनाया गया है।

### आवेदन के दौरान ये दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य

- पासपोर्ट साइज फोटो और हस्ताक्षर
- आधार/जनाधार कार्ड
- 10वीं और 12वीं की अंकतालिकाएं
- जाति प्रमाण पत्र (जहां लागू)
- आय प्रमाण पत्र (EWS के लिए)
- Non-Creamy Layer प्रमाण पत्र
- बैंक पासबुक की प्रति
- विशेष श्रेणी से संबंधित प्रमाण पत्र

**कांग्रेस जोर-शोर से उठाएगी महिला आरक्षण बिल व महंगाई के मुद्दे**

# निकाय और पंचायती राज चुनाव पर भाजपा को घेरने की रणनीति

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में स्थानीय निकाय और पंचायती राज चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल गर्म हो चुका है। कांग्रेस महिला आरक्षण बिल, बढ़ती महंगाई, बिगड़ती कानून-व्यवस्था, संविदा आधारित नौकरियों के विस्तार और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को चुनावी मुद्दा बनाकर सरकार को घेरने की तैयारी में है।

कांग्रेस ने रणनीति के तहत अपनी सभी इकाइयों को एक्टिव मोड पर रखा है। प्रदेशभर में महिला नेत्रियों के जरिए सिलसिलेवार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की जा रही है। पार्टी इसे महिला अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा अहम विषय बनाकर व्यापक जनसमर्थन जुटाने की दिशा में काम कर रही है।

### कांग्रेस का 10 लाख पोस्टकार्ड अभियान

इसी क्रम में कांग्रेस का पोस्टकार्ड अभियान भी जारी है, जिसके तहत करीब 10 लाख महिलाएं पोस्टकार्ड लिखकर प्रधानमंत्री को भेजेंगी। इस अभियान के जरिए महिलाओं से जुड़े मुद्दों को सीधे केंद्र सरकार तक पहुंचाने और इसे जनआंदोलन का रूप देने की योजना बताई जा रही है।



फाइल फोटो

### उच्च शिक्षा के मानकों पर सवाल

पूर्व शिक्षा मंत्री और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भर्ती परीक्षाओं और रोजागार से जुड़े मुद्दों को लेकर युवा वर्ग का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने स्थायी नौकरियों की जगह संविदा और ठेका व्यवस्था को बढ़ावा मिलने को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सरकारी कॉलेजों में नियमित पदों के बजाय सीमित वेतन और तय अवधि वाली नियुक्तियां न केवल रोजगार की गुणवत्ता को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि उच्च शिक्षा के मानकों पर भी सवाल खड़े कर रही हैं। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से लेकर राजस्थान तक महंगाई के मुद्दे को भी लेकर भी काफी आक्रामक नजर आ रही है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर छोटे कारोबारियों, ठेला संचालकों और मध्यम वर्ग पर कांग्रेस का फोकस है।

### कानून-व्यवस्था को लेकर उठाए सवाल

इसी के साथ कानून-व्यवस्था भी कांग्रेस के लिए एक बड़ा मुद्दा है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली लगातार कानून व्यवस्था को लेकर सरकार से सवाल कर रहे हैं। जूली अपने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश में विधानसभा में बम की धमकी, महिलाओं के साथ छेड़छाड़, दलित युवक के साथ पिटाई जैसे आमजन की सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों को लेकर आक्रामक नजर आ रहे हैं। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 16 दिन इंतजार शास्त्र सीरीज चलाकर प्रदेश में लंबित योजनाओं और विकास कार्यों के मुद्दे पुरजोर तरीके से उठाए। इसके साथ ही राइट टू हेल्थ और RGHS में बकाया भुगतान व लोगों को हो रही परेशानियों को लेकर सरकार से सवाल किए हैं।



"भाजपा सरकार ने राजस्थान के गौरव बन चुके हमारे विश्वस्तरीय हेल्थ मॉडल को आज खुद 'वेंटिलेटर' पर ला दिया है। यह बेहद शर्मनाक है कि भीषण गर्मी में मरीज घर से पंखे लाने को मजबूर हैं और RGHS का ₹2200 करोड़ का बकाया भुगतान न होने से इलाज ठप पड़ा है। हजारों फार्मासिस्टों की सेवाएं समाप्त कर और करोड़ों के उपकरणों को कबाड़ बनाकर सरकार प्रदेश की जनता की सेहत के साथ जानलेवा खिलवाड़ कर रही है।

**अशोक गहलोत,** पूर्व मुख्यमंत्री



"पांच राज्यों में वोटिंग खत्म होते ही मोदी सरकार का 'महंगाई ड्रा' निकल गया... बस 'अच्छे दिन' का आनंद लेते रहिए। कमर्शियल LPG सिलेंडर पर एक झटके में 993 रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई, जो सिलेंडर कल तक 2106 रुपए में मिल रहा था, वो अब 3099 रुपए में मिलेगा। कांग्रेस की सरकार के समय कमर्शियल सिलेंडर 1000 रुपए से भी कम में मिला करता था। ढाबे, होटल, रेहड़ी, चाय की थड़ी, मिठाई की दुकान, छोटे उद्योग, हर गरीब और मध्यम वर्ग पर हमला हुआ है।

**गोविंद सिंह डोटासरा,** प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस



"राजस्थान में आज सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है, बल्कि यहां एक तमाशा चल रहा है, जहां हर तरफ अराजकता का माहौल है। प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच बढ़ते टकराव से राज्य में संवैधानिक मर्यादाएं तार-तार हो रही हैं।

**टीकाराम जूली,** नेता प्रतिपक्ष

**कामगारों व उद्यमियों के लिए राहत**

# रीको के नए प्रावधानों से औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ेंगी जनसुविधाएं

बेधड़क | जयपुर

औद्योगिक क्षेत्रों में कामगारों और उद्यमियों के लिए बड़ी राहत और सुविधा का रास्ता खोलते हुए रीको ने अपने नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। नए प्रावधानों के तहत अब औद्योगिक क्षेत्रों में पुलिस चौकी, डिस्पेंसरी, विद्यालय और क्रेच जैसी जनसुविधाओं के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया को आसान और अधिक सुलभ बनाया गया है। संशोधित रीको भूमि निस्तारण नियम 1979 के नियम 3 (जी) में बदलाव करते हुए कई सामाजिक सुविधाओं के लिए निशुल्क भूमि देने का निर्णय लिया गया है।

इसके तहत ईएसआई डिस्पेंसरी, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बाल देखभाल केंद्र (क्रेच) और सरकारी विद्यालयों के लिए भूमि बिना शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस चौकी के लिए अधिकतम 1 एकड़ भूमि दी जाएगी, जिस पर केवल 10 रुपए का सांकेतिक किराया लगेगा। इसी तरह औद्योगिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए क्रेच सुविधा 250 वर्गमीटर या अधिक क्षेत्रफल में स्थापित की जाएगी, जिसमें एसपीवी के माध्यम से उद्योगों की भागीदारी अनिवार्य होगी।





विद्यालयों के लिए भी सर्विस एरिया में निशुल्क भूमि उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे कामगारों के बच्चों को शिक्षा सुविधा पास ही मिल सकेगी। इसके अतिरिक्त उद्योग एवं वाणिज्य विभाग को कैलिब्रेशन टावर के लिए 500 वर्गमीटर तक तथा उपभोक्ता मामले विभाग को वर्किंग और सेकेंडरी स्टैंडर्ड लैब स्थापित करने के लिए क्रमशः 350 और 660 वर्गमीटर तक भूमि निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होने पर प्रचलित दरों के अनुसार आवंटन किया जाएगा। इन बदलावों से औद्योगिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और बाल देखभाल जैसी बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा। इससे न केवल उद्योगों का संचालन सुगम होगा, बल्कि हजारों कामगारों और उनके परिवारों को कार्यस्थल के आस-पास बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

**एटक ने मनाया श्रमिक दिवस**

## कामगारों की एकता, संघर्ष और अधिकारों की रक्षा का लिया संकल्प

बेधड़क | जयपुर

ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस प्रदेश कार्यालय में उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत राजस्थान बिजली वर्कर्स फेडरेशन की सचिव योगिता मीना ने झंडारोहण से की। कार्यक्रम में एटक के प्रदेश अध्यक्ष एम. एल. यादव ने मई दिवस के ऐतिहासिक महत्व और वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। सभा में प्रदेश महासचिव कुणाल रावत, धर्मवीर चौधरी, केंद्रीय कर्मचारी नेता बी.एम. सुंडा, आर.एस. राठौर, सुनीता चतुर्वेदी, रमेश शर्मा, विपिन, गोवर्धन लाल मीना और केशव व्यास सहित कई नेताओं ने श्रमिक एकजुटता का संदेश दिया।





## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की भुगतान प्रक्रिया अब होगी तेज

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना को और मजबूत बनाया जाएगा। इसके तहत अस्पतालों को भुगतान की प्रक्रिया तेज की जाएगी और इलाज की गुणवत्ता सुधारने पर खास ध्यान दिया जाएगा। राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. निधि पटेल ने योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना आम लोगों को मुफ्त और आसान इलाज देने की महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए इसका सही तरीके से लागू होना जरूरी है। डॉ. पटेल ने अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही, सरकारी अस्पतालों में सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने राज्य से बाहर जुड़े अस्पतालों में लंबित दावों को जल्दी निपटाने को भी कहा। टीपीए द्वारा दावों को अनावश्यक रूप से खारिज करने के मामलों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

**बेधड़क TOON**





-शेखर

**विधायक गोपाल शर्मा ने किया लोकार्पण**

## शिवाजी नगर को 50 साल बाद पहली सड़क की सौगात



बेधड़क | जयपुर

शिवाजी नगर क्षेत्र में करीब 50 वर्षों से लंबित सड़क निर्माण कार्य आखिरकार पूरा हो गया, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। 22 गोदाम पुलिया के नीचे से अतिक्रमण हटाकर पहली बार सीसी सड़क और सीवरेज लाइन का निर्माण कराया गया। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने इसका लोकार्पण किया। शिवाजी नगर विकास समिति ने विधायक का अभिनंदन कर आभार जताया। कार्यक्रम में गोपाल शर्मा ने कहा कि 50 लाख रुपए की लागत से पूरा हुआ यह प्रोजेक्ट जनता की जीत का प्रतीक है। इस मौके पर सामुदायिक भवन में 15 लाख रुपए की लागत से हुए विकास कार्यों का भी लोकार्पण किया गया।

**सीएस वी. श्रीनिवास ने सीओएस बैठक में की समीक्षा**

# डीरेगुलेशन फेज-1 में प्रदेश अव्वल, 23 क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन

बेधड़क | जयपुर



*बैठक में मौजूद मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, एसीएस अपर्णा अरोड़ा, अभय कुमार, शिखर अग्रवाल व कुलदीप रांका।*

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में कमेटी ऑफ सेक्रेटरीज (सीओएस) की बैठक ली। इसमें डीरेगुलेशन फेज-1 के असर, ई-फाइल और ई-डाक प्रणाली, लंबित पत्रों, भर्ती परीक्षाओं और 181 हेल्पलाइन पर शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि डीरेगुलेशन फेज-1 में राजस्थान सभी 23 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। इस चरण का उद्देश्य प्रक्रियाओं को आसान और डिजिटल बनाकर नियमों का बोझ कम करना था। उद्योगों के लिए व्हाइट कैटेगरी की सूची 104 से बढ़ाकर 877 कर दी गई है। वहीं, एमएसएमई के लिए सीटीई/सीटीओ की समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 21 दिन कर दी गई है। मुख्य सचिव ने केंद्र सरकार से आए पत्रों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। 10 जनवरी 2024 से अब तक 4,314 पत्रों में से 97.08% का निस्तारण हो चुका है। राज-काज प्रणाली के तहत अप्रैल में 7,929 फाइलों का निपटान हुआ, जिनका औसत समय 6 घंटे 56 मिनट रहा। बैठक में एसीएस जल संसाधन अभय कुमार, एसीएस, खान एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोड़ा, एसीएस एमएसएमई शिखर अग्रवाल, एसीएस कौशल एवं उद्यमिता, रोजगार विभाग संदीप वर्मा, एसीएस उच्च एवं तकनीकी शिक्षा कुलदीप रांका, एसीएस, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन आनंद कुमार, एसीएस सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, एसीएस गृह भास्कर ए. सावंत, एसीएस, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ अश्विनी भगत, एसीएस नगरीय विकास एवं आवासन आलोक गुप्ता, एसीएस स्कूल शिक्षा राजेश यादव उपस्थित रहे।

### 83.68% बजट खर्च

आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025-26 में ₹2.23 लाख करोड़ के बजट के मुकाबले ₹1.87 लाख करोड़ (83.68%) खर्च हो चुका है। वहीं 2026-27 के लिए बजट अनुमान ₹2.62 लाख करोड़ रखा गया है, जो पिछले साल से 17.52% अधिक है। पेट्रोलियम क्षेत्र में प्रगति की जानकारी देते हुए बताया गया कि 31 मार्च 2026 तक 1.39 लाख पीएनजी कनेक्शन और 488 सीएनजी स्टेशन चालू हैं। जून 2026 तक 1.73 लाख कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है। भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा में बताया गया कि अब तक 1,21,728 युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। 181 हेल्पलाइन की समीक्षा में सामने आया कि फरवरी 2026 में 2.75 लाख शिकायतें थीं, जो अप्रैल में बढ़कर 3.70 लाख हो गईं।

## जरूरी खबर

### आईपीएल के पास ब्लैक करते छह युवकों को दबोचा



**बेधड़क, जयपुर।** आईपीएल 2026 के दौरान टिकट और वीआईपी पासों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए जयपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मैचों के दौरान स्टेडियम के आसपास और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए टिकटों व पासों की अवैध बिक्री की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसी को गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान चलाया गया। सूचना के आधार पर अशोक नगर थाना क्षेत्र में एसएमएस स्टेडियम के पास दबिश दी गई। पुलिस टीम ने बोगस ग्राहक बनकर जाल बिछाया और सौदा तय होते ही 6 युवकों को मौके से दबोच लिया।

### प्रमोद शर्मा को हाई कोर्ट से भी नहीं मिली राहत

**बेधड़क, जयपुर।** मानसरोवर क्षेत्र में विवादित भूमि पर कब्जा और कथित फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में हाई कोर्ट ने प्रमोद शर्मा को राहत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस उमाशंकर व्यास की एकलपीठ ने उनकी आपराधिक विविध याचिका खारिज करते हुए दर्ज एफआईआर को रद्द करने से मना कर दिया। अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद कहा कि इस स्तर पर एफआईआर रद्द करना उचित नहीं है। उल्लेखनीय है कि करीब ढाई बीघा विवादित भूमि पर निचली अदालत के स्टे के बावजूद कब्जे के आरोप हैं। फैसले के बाद अब प्रमोद शर्मा की गिरफ्तारी की आशंका बढ़ गई है।

### सीवर सफाई में श्रमिकों की मौत पर हाई कोर्ट सख्त

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट ने सीवर सफाई के दौरान श्रमिकों की मौत के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए नगर निगम आयुक्त, झोटवाड़ा जोन उपायुक्त और संबंधित ठेकेदार को 6 मई को अदालत में पेश होकर जवाब देने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने स्नेहांश फाउंडेशन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पलक सक्सेना ने अदालत को बताया कि हाथ से मैला ढोने वालों के नियोजन का प्रतिषेध और पुनर्वास अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का पालन नहीं हो रहा है। जयपुर सहित बड़े शहरों में सीवर सफाई मशीनों से करने के बजाय मजदूरों को बिना सुरक्षा उपकरण के उतारा जा रहा है।

## वैशाख पूर्णिमा पर शुरू हुई वन्यजीवों की गणना... नाइट मूवमेंट और कैमरों से होगी हर हलचल रिकॉर्ड

# जंगल में मचान... वाटर होल्स बने वन्यजीवों के 'हाजिरी केंद्र'

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में वन्यजीवों की वास्तविक संख्या जानने के लिए शुक्रवार शाम 5 बजे से 24 घंटे का विशेष गणना अभियान शुरू हो चुका है। इस बार सिर्फ औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि 'जंगल के बदलते ट्रेंड' को समझने का बड़ा आधार बनने जा रहा है। इसमें बाघ और बघेरे (लेपर्ड) सहित सभी प्रमुख वन्यजीवों की गिनती वाटर होल पद्धति से की जा रही है। वन्यजीवों की गणना में सबसे बड़ी चुनौती तापमान की रहेगी। जयपुर समेत अधिकांश जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस है। हालांकि, वर्षों पुरानी परंपरा में बदलाव करते हुए इस बार गणना सुबह की अपेक्षा शाम को शुरू हुई है।



फोटो: पंकज शर्मा

### इस बार क्या है खास

जानकारी के अनुसार, वन्यजीवों की गणना के लिए हॉटस्पॉट मैपिंग पर भी ध्यान दिया जाएगा। ऐसे वाटर होल्स को चिह्नित किया जाएगा, जहां वन्यजीवों की आवाजाही अधिक होती है। वहीं, कैमरा ट्रैप के जरिए व्यक्तिगत पहचान कर यह समझने की कोशिश होगी कि कौन से बाघ या लेपर्ड नए क्षेत्र में शिफ्ट हुए हैं। साथ ही, गर्मी के चरम में कौन से वाटर होल्स सबसे ज्यादा उपयोग में हैं, यह डेटा भविष्य में नए आर्टिफिशियल वाटर पॉइंट बनाने का आधार बनेगा। हर संरक्षित क्षेत्र में कम से कम 10 लोकेशन पर कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं। इसके साथ ही नाइट मूवमेंट कैप्चर से अहम संकेत मिलने की संभावना है।

### वाटर होल्स


| | |
|---|---|
| जयपुर | 421 |
| अजमेर | 236 |
| भरतपुर | 191 |
| उदयपुर | 744 |
| बीकानेर | 262 |
| कोटा | 345 |
| जोधपुर | 482 |


### खास रहेगी गणना

" यह आकलन सिर्फ संख्या नहीं बताएगा, बल्कि संरक्षण नीति, नए अभयारण्य और कॉरिडोर प्लानिंग तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने के उपाय भी सामने लाएगा।

**के.सी. अरुण प्रसाद,** अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक

### झालाना लेपर्ड सफारी में पैंथर 'राणा' ने किया शिकार





**जयपुर।** राजधानी के झालाना लेपर्ड सफारी में चल रही वन्यजीव गणना के दौरान एक रोमांचक दृश्य सामने आया, जब चर्चित तेंदुआ 'राणा' अपने शिकार का भोजन करते हुए कैमरे में कैद हो गया। इस दुर्लभ क्षण ने न केवल वन्यजीव प्रेमियों को उत्साहित किया, बल्कि सफारी क्षेत्र में तेंदुओं की सक्रिय मौजूदगी की भी पुष्टि की। विशेषज्ञों का मानना है कि झालाना क्षेत्र में लगातार किए जा रहे संरक्षण प्रयासों, शिकार की उपलब्धता और मानव हस्तक्षेप में कमी के कारण तेंदुओं की संख्या और गतिविधि में इजाफा हुआ है। 'राणा' जैसे प्रमुख तेंदुओं की मौजूदगी इस सफलता की प्रतीक बनकर उभर रही है।

## 918 करोड़ रुपए के पहले पैकेज का स्वीकृति पत्र जारी

# जयपुर मेट्रो फेज-2 को मिली रफ्तार, जल्द शुरू होगा काम

■ पहले पैकेज में प्रहलादपुरा से पिंजरापोल गोशाला तक बनेगा 12 किमी का कॉरिडोर

बेधड़क | जयपुर

शहर की यातायात व्यवस्था को नई दिशा देने वाला जयपुर मेट्रो का दूसरा चरण अब धरातल पर उतरने जा रहा है। सभी प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद निविदा में चयनित कंपनी को लैटर ऑफ एक्सेप्टेंस (LOA) जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही 15 मई तक मौके पर निर्माण कार्य शुरू होने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पहले ही केंद्रीय कैबिनेट की 8 अप्रैल की बैठक में मंजूरी मिल चुकी है, जिसके बाद आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने भी औपचारिक स्वीकृति जारी की थी।

जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इस परियोजना के पहले पैकेज के तहत एलिवेटेड वायाडक्ट और 10 एलिवेटेड स्टेशनों के डिजाइन और निर्माण के लिए 918.04 करोड़ रुपए से अधिक लागत के कार्यों के लिए स्वीकृति पत्र (एलओए) जारी कर दिया है। फेज-2 के पहले पैकेज में प्रहलादपुरा से पिंजरापोल गोशाला तक 12 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा।

इस रूट पर एलिवेटेड वायाडक्ट के साथ 10 एलिवेटेड स्टेशन विकसित किए जाएंगे। यह कॉरिडोर शहर के दक्षिणी और औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।



### 13,037 करोड़ की परियोजना को मिल चुकी है केंद्र की मंजूरी

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस परियोजना को 13,037.66 करोड़ रुपए की लागत से मंजूरी दी थी। इसके बाद राज्य सरकार ने इस परियोजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए उच्च स्तरीय बैठकों के माध्यम से प्रक्रिया को गति दी है।

### वायाडक्ट व डिपो स्पर लाइन का भी होगा निर्माण

जारी स्वीकृति पत्र के अनुसार, इस पैकेज में एलिवेटेड वायाडक्ट और सभी स्टेशनों के निर्माण के साथ-साथ मेट्रो डिपो तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए स्पर लाइन का निर्माण भी शामिल है। इससे मेट्रो संचालन को सुचारु और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फेज-2 के कुल 41 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित रूट में से शेष 29 किलोमीटर के कार्य के लिए भी शीघ्र निविदाएं आमंत्रित की जाएं। सरकार परियोजना को तय समयसीमा में पूरा करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रही है।

### जयपुर में परिवहन व्यवस्था को मिलेगा नया आयाम

जयपुर मेट्रो फेज-2 के पूरा होने से शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे ट्रैफिक जाम में कमी आएगी, औद्योगिक और आवासीय क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी और शहर के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। यह परियोजना भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जयपुर को एक आधुनिक और स्मार्ट शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### 34 महीने में तैयार होगा 12 किमी लंबा कॉरिडोर

जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के पैकेज-1 के लिए सैम इंडिया बिल्टवेल प्राइवेट लिमिटेड और सीगल इंडिया लिमिटेड की ज्वॉइंट वेंचर कंपनी को लैटर ऑफ एक्सेप्टेंस (LOA) जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही अब ग्राउंड लेवल पर काम शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। इस पैकेज के तहत करीब 12 किमी लंबे एलिवेटेड मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। साथ ही 10 नए मेट्रो स्टेशनों का निर्माण भी इसी कंपनी द्वारा किया जाएगा। इनमें प्रहलादपुरा, मानपुरा, बीलवा कलां, बीलवा, गोनेर रोड, सीतापुरा, जेईसीसी, कुंभा मार्ग, हल्दीघाटी गेट और पिंजरापोल गोशाला शामिल हैं। परियोजना की कुल लागत करीब 918 करोड़ रुपए आंकी गई है। कंपनी को यह पूरा काम 34 महीनों में पूरा करना होगा। इसके तहत सबसे पहले 15 मई तक साइट पर मिट्टी परीक्षण (सॉयल टेस्टिंग) का काम शुरू किया जाएगा। इसके बाद मेट्रो कॉरिडोर के लिए पियर (स्तंभ) निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी।

## द्रव्यवती नदी एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट

# DPR के लिए जेडीए ने निकाली निविदा



बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर में द्रव्यवती नदी के किनारे बनने वाले एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट को लेकर अब काम आगे बढ़ गया है। करीब 5 हजार करोड़ रुपए की लागत वाले इस बड़े प्रोजेक्ट के लिए जेडीए ने डीपीआर तैयार करने के लिए निविदा जारी कर दी है। जेडीए ने इसके लिए कंसल्टेंसी फर्मों से आवेदन मांगे हैं। डीपीआर तैयार करने पर करीब 5.78 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इच्छुक फर्मों के लिए निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 26 मई शाम 6 बजे तक रखी गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत द्रव्यवती नदी के किनारे मजार डेम से लेकर महल रोड स्थित बॉम्बे हॉस्पिटल तक लगभग 36 किमी लंबा एलिवेटेड रोड बनाने की योजना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस प्रोजेक्ट की घोषणा फरवरी में बजट चर्चा के दौरान की थी, जिसके बाद अब इसे जमीन पर उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निविदा की शर्तों के अनुसार, चुनी गई कंसल्टेंसी फर्म को कुल 6 महीने में काम पूरा करना होगा। शुरुआत के 2 महीनों में फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसमें यह तय होगा कि प्रोजेक्ट व्यावहारिक है या नहीं। अगर रिपोर्ट में प्रोजेक्ट संभव पाया जाता है, तो अगले 4 महीनों में पूरी डीपीआर तैयार की जाएगी। इसी डीपीआर के आधार पर आगे निर्माण के लिए टेंडर जारी होंगे।

## जलदाय विभाग ने लिए सैंपल

# परकोटे में पीले पानी की सप्लाई से हड़कंप



*विधायक बालमुकुंदाचार्य मौके पर पहुंचकर गंदे पानी की जांच करते हुए।*

बेधड़क | जयपुर

परकोटा क्षेत्र में इन दिनों पानी की गुणवत्ता को लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है। हवामहल विधानसभा क्षेत्र के नाहरगढ़ रोड, ब्रह्मपुरी सहित कई इलाकों में पिछले कुछ दिनों से पीले रंग का पानी आने की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि इस पानी के सेवन से कुछ लोगों को उल्टी-दस्त और डायरिया जैसी समस्याएं हुई हैं। शिकायत मिलने पर विधायक बालमुकुंदाचार्य मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय निवासियों के घरों से पानी के नमूने लेकर जांच की। इस दौरान क्षेत्र में एक बच्ची और दो महिलाओं के बीमार होने की जानकारी भी सामने आई। मौके पर मौजूद जलदाय विभाग के एक्सईएन संजय शर्मा ने प्रारंभ में पानी को हानिकारक नहीं बताया, लेकिन बाद में सावधानी के तौर पर सैंपल जांच के लिए भिजवाए गए। विधायक ने भी अधिकारियों के साथ विभिन्न घरों और दुकानों से पानी के नमूने लेकर स्थिति की पुष्टि की। प्राथमिक जांच में सामने आया कि पानी में रासायनिक तत्वों की मात्रा में उतार-चढ़ाव के कारण उसका रंग पीला दिखाई दे रहा है। विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि फिलहाल पानी के सैंपल विस्तृत जांच के लिए भेजे गए हैं और रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।

## जयपुर में आंधी-बारिश का दौर

# मौसम का डबल अटैक: दिन में लू और शाम को बारिश

बेधड़क | जयपुर

राजधानी समेत कई जिलों में इन दिनों मौसम का दोहरा रूप देखने को मिल रहा है। जयपुर में गुरुवार देर रात करीब एक घंटे तक हुई लगातार बारिश ने शहर में नमी बढ़ा दी, जिससे सुबह मौसम सुहावना रहा। हालांकि दिन चढ़ते ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने फिर से लोगों को परेशान कर दिया और तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस बना रहा। शुक्रवार को भी जयपुर में यही ट्रेंड देखने को मिला।

दोपहर में तेज धूप और लू जैसे हालात बने रहे, लेकिन शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली। शहर के कई इलाकों में आंधी, तेज हवाएं और मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई। वहीं तेज हवाओं के कारण रजत पथ पर ट्रैफिक लाइट का पोल गिर गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई।





*जयपुर की बारिश ने सिस्टम की सच्चाई उजागर कर दी। मानसरोवर के रजत पथ चौराहे पर आंधी में गिरा ट्रैफिक सिग्नल पूरी रात सड़क पर पड़ा रहा, लेकिन 'ड्यूटी' निभाता रहा। टूटा हुआ सिग्नल जमीन पर पड़े-पड़े ही रेड-ग्रीन लाइट देता रहा और ट्रैफिक उसी के भरोसे चलता रहा। सवाल यह है कि जब मशीनें जाग रही हैं तो जिम्मेदार आखिर क्यों सो रहे हैं?*

### बीकानेर-झालावाड़ में ओले

बीकानेर और झालावाड़ में शुक्रवार को ओलावृष्टि हुई, जबकि जयपुर, नागौर, कुचामन, बीकानेर और सवाई माधोपुर में अच्छी बारिश दर्ज की गई। इससे तापमान में हल्की गिरावट आई और लोगों को भी भीषण गर्मी से आंशिक राहत मिली।

### कई जिलों में येलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने सप्ताह भर तक जयपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर और उदयपुर संभागों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं आज अजमेर, अलवर, भरतपुर, दौसा, डीग, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक, बालोतरा, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, डीडवाना-कुचामन, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, फलौदी और श्रीगंगानगर में आंधी-मेघगर्जन का अलर्ट जारी किया है।

### बाड़मेर में 44.6°C तापमान

तापमान की बात करें तो पश्चिमी राजस्थान के जिलों में अब भी गर्मी का असर ज्यादा बना हुआ है। बाड़मेर में 44.6°C, बीकानेर में 44.2°C, जैसलमेर में 43.5°C और फलोदी में 43.8°C के साथ सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। पश्चिमी कई जिलों में लू का अलर्ट भी जारी है। वहीं जयपुर समेत अधिकांश जिलों का तापमान 40 से 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## जरूरी खबर

### प्रतापगढ़ में तस्कर की 2.50 करोड़ की संपत्ति फ्रीज



**प्रतापगढ़।** मादक पदार्थ तस्करी पर शिकंजा कसते हुए प्रतापगढ़ पुलिस ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के तहत बड़ी कार्रवाई की है। अरनोद थाना पुलिस ने तस्कर जमशेद खान उर्फ सेठ लाला की करीब 2.50 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति को फ्रीज कर दिया। यह कार्रवाई एसपी बी. आदित्य के निर्देशन में की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी के पास आय का कोई वैध स्रोत नहीं था, फिर भी उसने तस्करी के जरिए आलीशान मकान सहित करोड़ों की संपत्ति अर्जित की। पुलिस ने देवल्दी स्थित मकान को फ्रीज करने का प्रस्ताव दिल्ली की सक्षम प्राधिकरण को भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई।

### रिश्वत मांगने वाले DSP को 4 साल की कैद

**सीकर।** जिले में रिश्वत मांगने के मामले में रींगस के तत्कालीन DSP नाथूराम महरानियां को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कोर्ट ने 4 साल कैद की सजा सुनाई है। उसके सहयोगी मनोज अग्रवाल को साढ़े 3 साल की जेल की सजा दी है। कोर्ट ने DSP पर 50 हजार और मनोज पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। परिवादी के खिलाफ मुकदमे में एफआर लगाने के नाम पर 2 लाख रुपए की मांग की गई थी। एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए मनोज अग्रवाल को गिरफ्तार किया था।

### पुष्कर सरोवर में वैशाख पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी



**अजमेर।** वैशाख माह की पीपल पूर्णिमा पर शुक्रवार को तीर्थ नगरी पुष्कर सरोवर में हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर पूजा-अर्चना की। सुबह से ही सरोवर के 52 घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रही। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना के साथ पितरों के निमित्त तर्पण और पिंडदान भी किया। तीर्थ पुरोहितों के अनुसार वैशाख पूर्णिमा पर स्नान, दान और जप-भजन का विशेष महत्व है। भीषण गर्मी के बावजूद आस्था का उत्साह बना रहा। स्थानीय लोगों ने सेवा भाव से पेयजल व शरबत की व्यवस्था की, हालांकि प्रशासनिक इंतजाम कमजोर नजर आए और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही।

## भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी से मारपीट के तीनों आरोपियों को मिली जमानत

# AEN का आरोप... लात-घूंसों और पाइप से पीटा, कपड़े फाड़े

**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

जिले में एईएन और भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी के बीच विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। विधायक जयदीप बिहाणी से मारपीट के मामले में गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को शुक्रवार को जमानत मिल गई है। राजस्थान अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (RUIDP) के एईएन जगनलाल बैरवा ने जमानत मिलने के बाद सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक और उनके समर्थकों ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। बैरवा के मुताबिक उन्हें लात-घूंसों से पीटा गया और पाइप से हमला किया गया, यहां तक कि उनके कपड़े तक फाड़ दिए गए। जमानत मिलने के बाद जिला परिषद में मीडिया से बात करते हुए बैरवा फटी बनियान में नजर आए। उन्होंने अपनी आंख दिखाते हुए कहा कि उन्हें गंभीर चोटें आई हैं और अब एक आंख से ठीक से दिखाई भी नहीं दे रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि मारपीट के बाद उन्हें नई शर्ट पहनाकर पुलिस को सौंपा गया, ताकि घटना सामान्य लगे। बैरवा ने बताया कि गुरुवार सुबह उन्हें विधायक सेवा केंद्र, एसडी बिहाणी कॉलेज बुलाया गया था। वहां पहुंचते ही विधायक ने थप्पड़ मारने शुरू कर दिए और गालियां दी। इसके बाद समर्थकों ने उन्हें जमीन पर पटक दिया और पाइप से पीटा। बैरवा के अनुसार, इस हमले में उनके पैर का अंगूठा भी टूट गया। इस मामले में एलएंडटी के प्रोजेक्ट मैनेजर शहनवाज हसन और इंजीनियर सोहम परमार को भी गिरफ्तार किया गया था।



*विधायक पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते इंजीनियर्स।*

### मामले की जांच में जुटी पुलिस



दूसरी ओर, विधायक जयदीप बिहाणी ने भी पहले आरोप लगाया था कि अधिकारियों ने उनके साथ मारपीट की, जिसमें उनकी आंख और चेहरे पर चोट आई तथा चश्मा टूट गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दोनों पक्षों के आरोपों की पड़ताल की जा रही है।

### इंजीनियरों ने दी आंदोलन की चेतावनी

वहीं, राजस्थान कौंसिल ऑफ डिप्लोमा इंजीनियर्स के प्रदेशाध्यक्ष बलराम जाखड़ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि अधिकारियों को मीटिंग के बहाने बुलाकर मारपीट की गई और उनके मोबाइल तक छीन लिए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में इंजीनियर्स कार्य बहिष्कार कर उग्र आंदोलन करेंगे।

## शादी के माहौल में वारदात: गंभीर घायल पत्नी जयपुर रेफर

# पति ने कमरा बंद कर पत्नी को मारी गोली, फिर खुद ने दी जान

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले के रूपवास थाना क्षेत्र के सिंघावली गांव में शादी समारोह के दौरान एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पत्नी के पीहर आने से नाराज पति ने पहले उसे गोली मारी और फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12:15 बजे की है।

पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के बरुअर निवासी राघवेंद्र (31) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी राधिका (28) गंभीर रूप से घायल हो गई। राधिका को पहले रूपवास अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर भरतपुर के आरबीएम अस्पताल रेफर किया गया। वहां भी स्थिति नाजुक बनी रहने पर उसे जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना के समय सिंघावली गांव में राधिका के चाचा की बेटी के लग्न का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान राघवेंद्र वहां पहुंचा और पत्नी को कार्यक्रम से बुलाकर एक कमरे में ले गया। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर उसने देसी कट्टे से पहले राधिका की छाती में गोली मारी, इसके बाद खुद के सीने पर फायर कर लिया। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर दोनों को बाहर निकाला। तब तक राघवेंद्र की मौत हो चुकी थी और राधिका खून से लथपथ हालत में पड़ी थी। कमरे के अंदर फर्श पर खून बिखरा हुआ मिला। पुलिस ने मौके से हथियार बरामद कर लिया है।



*अस्पताल में उपचार के दौरान घायल पत्नी राधिका और पति राघवेंद्र (इनसेट में)।*

### पत्नी के पीहर आने से था नाराज

परिजनों ने बताया कि राधिका 30 अप्रैल को अपने पीहर आई थी, जबकि राघवेंद्र शुक्रवार को वहां पहुंचा था। बताया जा रहा है कि वह पत्नी के पीहर आने से नाराज था और इसी वजह से दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो इस खौफनाक घटना में बदल गई।

### चार साल पहले हुई शादी, 3 साल का बेटा

थानाधिकारी विनोद मीणा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और परिजनों से पूछताछ जारी है। दोनों की शादी चार साल पहले हुई थी और उनका तीन साल का एक बेटा भी है। घटना के बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल है।



*घटना के बाद एकत्रित ग्रामीण।*

## हल्दीघाटी से लौटते वक्त हुआ हादसा

# भजन गायक की सड़क हादसे में हुई मौत, कार पलटने से गई जान

**बेधड़क** | उदयपुर

मेवाड़ के प्रसिद्ध भजन गायक धनराज जोशी की शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा डबोक थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-27 पर सुबह करीब 5 बजे हुआ, जब उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। दुर्घटना में ड्राइवर राजेंद्र सोनेरी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, धनराज जोशी हल्दीघाटी क्षेत्र के सैमन गांव में आयोजित भजन संध्या में प्रस्तुति देकर अपने गांव बड़वाई (चित्तौड़गढ़) लौट रहे थे। उनके साथ बेटा और अन्य साथी भी थे, लेकिन उदयपुर में किसी काम के चलते वे सभी कार से उतर गए थे। इसके बाद जोशी ड्राइवर के साथ अकेले ही आगे के सफर पर निकले।

डबोक थाना अधिकारी गोपाल नाथ ने बताया कि दरोली गांव और एयरपोर्ट के बीच हाईवे पर कार का संतुलन बिगड़ गया। तेज रफ्तार के चलते वाहन डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को डबोक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने धनराज जोशी को मृत घोषित कर दिया।



धनराज जोशी मेवाड़ और मारवाड़ क्षेत्र में अपने भजनों और खास कॉमेडी शैली के लिए जाने जाते थे। उनकी प्रस्तुति में भक्ति के साथ हास्य का अनोखा मिश्रण होता था, जिससे वे दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय थे।

**सोशल मीडिया पर 3.79 लाख फॉलोअर्स:** भजन गायक धनराज जोशी ने अपनी मधुर आवाज और भक्ति संगीत से अलग पहचान बनाई। इंस्टाग्राम पर उनके 3.79 लाख फॉलोअर्स हैं, जो उनकी लोकप्रियता को दर्शाते हैं। मात्र 8वीं तक पढ़े धनराज ने स्कूल में पहली बार मंच पर प्रस्तुति दी थी। साधारण परिवार से आने वाले धनराज ने कक्षा 8 तक पढ़ाई की थी और बचपन से ही संगीत में रुचि रखते थे। उनकी मां, नाना-नानी और बहनें भी भजन गाती थी। वे अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी और बड़ा प्रशंसक वर्ग छोड़ गए हैं।

## जिला कलेक्टर अरुण गर्ग ने बताया प्रभावी चिकित्सा पद्धति

# होम्योपैथी को जन-जन तक पहुंचाने की पहल, कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**बेधड़क** | झुंझुनूं

जिले के चिड़ावा में होम्योपैथी के सार्वजनिकीकरण अभियान के तहत आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी (AAA) कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर अरुण गर्ग ने कहा कि यह पहल झुंझुनूं से शुरू होकर आमजन तक सरल, सुरक्षित और प्रभावी चिकित्सा पद्धति पहुंचाने का माध्यम बनेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल ने कार्यकर्ताओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए इसे ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने होम्योपैथी के मूल सिद्धांत 'जैसा रोग, वैसी औषधि' पर विस्तार से जानकारी दी और इसके व्यवहारिक उपयोग समझाए। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को 15 प्रमुख होम्योपैथिक दवाओं की जानकारी दी गई।



*ASHA, ANM एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देते अधिकारी।*

## छापेमारी में करोड़ों के स्टाम्प, खाली चेक और गिरवी संपत्तियों के दस्तावेज मिले

# ब्याज माफिया से 144 वाहन और कृषि यंत्र बरामद

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले के डग कस्बे में अवैध सूदखोरी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित ब्याजखोरी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में थाना डग पुलिस ने आरोपी सुनील गोयल के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में गिरवी रखी संपत्तियां, वाहन, कृषि यंत्र और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार कार्रवाई में कुल 144 वाहन जब्त किए गए, जिनमें 70 ट्रैक्टर, 61 मोटरसाइकिल, 7 कार, 3 पिकअप, 1 ट्रक और 2 टैम्पो शामिल हैं। इसके अलावा 308 कृषि यंत्र और मशीनरी भी बरामद हुई, जिनमें थ्रेसर, ट्रॉली, रोटावेटर, सीडल मशीनें और अन्य उपकरण शामिल हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस को 47 खाली हस्ताक्षरित स्टाम्प पेपर (करीब 5.01 करोड़ रुपए मूल्य), 147 साइन किए हुए खाली बैंक चेक, 60 अन्य चेक, 39 मकानों के पट्टे, 9 वाहनों की आरसी सहित कई अहम दस्तावेज भी मिले हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी जरूरतमंद ग्रामीणों को ऊंचे ब्याज पर कर्ज देकर उनसे पहले ही खाली चेक और स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर करवा लेता था। दस्तावेजों का दुरुपयोग कर उन्हें कार्रवाई का डर दिखाकर प्रताड़ित किया जाता था। थानाधिकारी भंवर सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में डग, गंगधार, पगारिया, उन्हैल और जिला स्पेशल टीम सहित साइबर टीम ने संयुक्त रूप से भाग लिया।



*पुलिस की कार्रवाई में गिरवी वाहन और एसपी अमित कुमार (इनसेट में)।*

## अमेरिका में क्रूज पर ड्यूटी के दौरान हादसा

# छह दिन बाद भी नहीं लगा कोटा के युवक का सुराग


**बेधड़क** | कोटा

शहर के रहने वाले 26 वर्षीय युवक दीपक सिंह राठौड़ के अमेरिका में लापता होने का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। अटलांटिक महासागर में क्रूज से गिरने की घटना के छह दिन बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिवार में चिंता और बेचैनी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार दीपक 25 अप्रैल को अमेरिका के बोस्टन तट के पास एक प्राइवेट शिपिंग कंपनी के क्रूज पर ड्यूटी के दौरान समुद्र में गिर गया था। वह क्रूज पर शेफ के पद पर कार्यरत था। घटना की जानकारी उसके साथ काम करने वाले साथी ने फोन कर परिवार को दी थी। तब से कंपनी की ओर से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल सकी है।

दीपक के पिता महावीर सिंह राठौड़, जो कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर के गनमैन हैं, उन्होंने बताया कि हादसे से एक दिन पहले ही बेटे से उनकी बात हुई थी। उन्होंने कहा कि कंपनी की टीम लगातार रेस्क्यू में जुटी है, वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी मदद के प्रयास जारी हैं।

परिवार ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। इसके अलावा विदेश मंत्रालय में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम राष्ट्रपति सचिवालय में याचिका दायर कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्च ऑपरेशन तेज करने की मांग उठाई गई है।



*युवक होटल गोरबंद ताज में भी काम कर चुका है। (फाइल फोटो)*

### मूल रूप से सीकर का रहने वाला



दीपक मूल रूप से सीकर जिले का रहने वाला है, जबकि परिवार फिलहाल कोटा के सिविल लाइंस क्षेत्र में रहता है। हादसे के बाद परिवार सीकर पहुंच गया है। दीपक ने कोटा में प्रारंभिक शिक्षा लेने के बाद उदयपुर से होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया था और 2024 में उसे अमेरिका की शिपिंग कंपनी में नौकरी मिली थी।

### दीपावली पर आया था घर

परिजनों के अनुसार दीपक पिछली दीपावली पर घर आया था। वह जैसलमेर के एक होटल में भी काम कर चुका था। परिवार को उम्मीद है कि जल्द ही उसे सुरक्षित खोज लिया जाएगा, लेकिन समय बीतने के साथ चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

## शिवरतन अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे

# बंगाल में हुआ निष्पक्ष चुनाव, भाजपा बनाएगी सरकार: नंदी

**बेधड़क** | बीकानेर

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' सोमवार को बीकानेर दौरे पर रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल के चुनावी हालात पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस बार वास्तव में चुनाव हुआ है। पहले अराजकता और गुंडागर्दी का माहौल था, लेकिन अब लोगों ने निर्भीक होकर मतदान किया है। उन्होंने ममता बनर्जी पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, देशभर के नेताओं और कार्यकर्ताओं की मेहनत के चलते पश्चिम बंगाल में पार्टी की सरकार प्रचंड बहुमत से बन रही है। नंदी बीकानेर में शिवरतन अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि शिवरतन अग्रवाल ने बीकाजी को वैश्विक पहचान दिलाई और एक छोटे व्यवसाय को अंतरराष्ट्रीय ब्रांड बनाया है।



*उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, स्व. शिवरतन अग्रवाल के भाई शिवकिशन अग्रवाल और मनोहर अग्रवाल के साथ।*

भगवान विष्णु के वराह अवतार का प्राकट्य उत्सव मनाया

## एक हाथ में पृथ्वी व दूसरे में गदा लेकर किया वराह ने नगर भ्रमण

बेधड़क | जयपुर

भगवान विष्णु के तीसरे अवतार वराह का प्राकट्य उत्सव शुक्रवार को शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। वहीं रात को हुई भव्य वराह लीला के मंचन ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व सुबह विभिन्न मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वराह भगवान का अभिषेक कर आकर्षक शृंगार किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद संध्या आरती हुई और फिर पारंपरिक वराह लीला का मंचन किया गया।

व्यास परिवार की ओर से वर्षों पुरानी परंपरा के तहत करीब 90 किलो वजनी प्राचीन मुखौटे की गुप्त पूजा की गई। इसके बाद एक व्यक्ति ने मुखौटा धारण कर वराह स्वरूप में लीला प्रस्तुत की। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग उपस्थित रहे। वराह स्वरूप ने एक हाथ में पृथ्वी और दूसरे में गदा धारण कर नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा ताड़केश्वर मंदिर से त्रिपोलिया और गोपालजी के रास्ते होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने पर वराह स्वरूप ने महादेवजी के दर्शन किए और फिर मंदिर की छत पर नृत्य कर भक्तों को अंतिम दर्शन दिए। इसके बाद वे अंतर्ध्यान हो गए।

### श्रद्धालुओं ने दर्शन कर की सुख-समृद्धि की कामना



ताड़केश्वर महादेव मंदिर में वराह लीला मंचन के दौरान उपस्थित भक्त। फोटो: राजेश कुमावत

### हिरण्याक्ष का वध करने के लिए विष्णु ने लिया वराह अवतार

पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु के दस अवतारों में से भगवान वराह तीसरे अवतार हैं। इनकी उत्पत्ति ब्रह्माजी की नासिका से हुई थी। वराह का अर्थ शूकर है। शास्त्रों में बताया गया है कि दैत्य राजा हिरण्याक्ष ने पृथ्वी पर आक्रमण किया और अपने चारों ओर विष्ठा की दीवार बना ली थी, ताकि कोई देवता उसके पास जाकर उसे मार न सके। उस दीवार को केवल वराह स्वरूप ही भेद सकता था। तब भगवान विष्णु ने पृथ्वी की रक्षा के लिए वराह अवतार लेकर हिरण्याक्ष का वध किया था।

सम्मेलन में दिखी सामाजिक एकता की झलक

## सामूहिक विवाह में मीणा समाज के 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

### समारोह में राज्यपाल समेत आईएएस, आईपीएस भी पहुंचे




बेधड़क | जयपुर

पीपल पूर्णिमा पर जय मीनेश शिक्षण एवं विकास संस्थान की ओर से 16वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। फागी स्थित जय मीनेश महाविद्यालय परिसर में हुए इस आयोजन में मीणा समाज के 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ किशन राव बागडे, सेवानिवृत्त आईआरएस अधिकारी के. सी. घुमरिया, पूर्व विधायक कन्हैया लाल मीणा और बाबू लाल नागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके अलावा कई जनप्रतिनिधि, समाज के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय नेता तथा वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। समारोह में आईएएस, आईपीएस, आरएएस और आरपीएस अधिकारी भी पहुंचे और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। संस्थान के अध्यक्ष के. सी. घुमरिया ने बताया कि इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बारातें आईं, जिससे आयोजन में सामाजिक एकता और सहभागिता का विशेष माहौल बना। उन्होंने बताया कि संस्थान अब तक 1002 गरीब आदिवासी परिवारों के युवक-युवतियों के विवाह संपन्न करवा चुका है और यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा। घुमरिया ने आयोजन की सफलता में संस्थान के संरक्षक गीताराम मीणा, युवा समिति अध्यक्ष रामराय मीणा सहित समाज के कई वरिष्ठजनों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। समाज के भामाशाहों की ओर से सभी 51 दुल्हनों को आवश्यक घरेलू सामान और उपहार भेंट किए गए। सामूहिक विवाह सम्मेलन ने सामाजिक समरसता, सहयोग और सादगीपूर्ण विवाह की प्रेरणा देते हुए एक सकारात्मक संदेश दिया।


## आज का पंचांग

- शुभ वि. सं. : 2083
- हिजरी सन: 1447
- ऋतु: ग्रीष्म ऋतु
- संवत्सर का नाम: रौद्र
- मास: प्रथम ज्येष्ठ (शुद्ध)
- पक्ष: कृष्ण
- शाके संवत: 1948
- अयन: सूर्य उत्तरायण

### आज का दिन

शनिवार, 02 मई, 2026

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज शुभ का चौघड़िया सुबह 7.30 से 9.08 बजे तक है। बाद में चर का दोपहर 12.24 से 2.02 बजे तक, फिर लाभ-अमृत का चौघड़िया दोपहर 2.02 से 5.18 बजे तक है। इनमें शुभ कार्य कर सकते हैं।

**अभिजीत:** आज 11.51 से 12.44 बजे तक है।

**तिथि:** प्रतिपदा तिथि रात 12.50 बजे तक रहेगी। इसके बाद में द्वितीया तिथि शुरू होगी।

**दिशाशूल:** पूर्व दिशा में रहेगा।

**चंद्रमा:** आज चंद्रमा तुला राशि में रात 12.30 बजे तक, फिर वृश्चिक में रहेगा।

**राहु काल:** आज सुबह 9.00 से 10.30 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** विशाखा संपूर्ण दिन रात, फिर आगे भी विशाखा नक्षत्र ही रहेगा।

**योग:** व्यतिपात योग रात 9.45 बजे तक, फिर वरियान योग रहेगा।

### शुभाशुभ ज्ञान

बुध अस्त पूर्व में रात 12.56 बजे, श्री नारद जयंती, व्यतिपात पुण्यं, गुरु अर्जुन देव जयंती नवीन मत से, त्रिपुष्कर योग रात 12.50 से।

-पं. अवधेश शर्मा

## शहर में आज

- चूलगिरी आगरा रोड स्थित संघीजी की नसियां में जैन आचार्य प्रज्ञा सागर का मंगल प्रवेश सुबह 6.30 बजे।
- श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्र प्रभुजी दुर्गापुरा में दिगम्बर जैन आर्यिका जिन देवी माताजी की धर्म सभा सुबह 10 बजे।
- आरआईसी में 'ए सेमिनार ऑन ईरान' का आयोजन सुबह 11 बजे।

### महाप्रभु जन्मोत्सव पर सजी फूल बंगला झांकी

जयपुर। गौरांग महाप्रभु का 540वां जन्मोत्सव बनीपार्क स्थित शिव मार्ग पर वैष्णवजन भक्त के घर पर मनाया गया। राधा गोविंद देवजी और महाप्रभु की फूल बंगला झांकी सजाकर शीतल व्यंजनों का भोग लगाया गया। महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने पूजा-अर्चना कराई। बधाई गान के दौरान प्रसाद वितरण हुआ। अंत में सामूहिक महाआरती और महाभोग के बाद श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में भक्तों का उत्साह देखने योग्य रहा।

शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक-शांतिधारा के बाद हुई धर्म सभा

## आर्यिका रत्न जिन देवी माताजी ससंघ का 15 साल बाद जयपुर में हुआ मंगल प्रवेश

बेधड़क | जयपुर

तारों की कूट स्थित शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में शुक्रवार को दीर्घ तपस्वी आचार्य रत्न बाहुबली महाराज की पट्ट शिष्या गणिनी आर्यिका रत्न जिन देवी माताजी ससंघ का 15 साल बाद मंगल प्रवेश हुआ। शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन जैन एवं महामंत्री धनेश सेठी के नेतृत्व में आर्यिका संघ की अगवानी की गई।

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि गणिनी आर्यिका जिन देवी माताजी, क्षुल्लिका मंगल मति तथा संचालिका बाल ब्रह्मचारिणी स्नेहा दीदी का कोल्हापुर, इचलकरणजी (महाराष्ट्र) से 7 दिसम्बर, 2025 को जयपुर के लिए मंगल विहार शुरू हुआ था। आर्यिका संघ सिद्ध क्षेत्र मांगी तुंगी, णमोकार तीर्थ, सूरत, बडोदरा, उदयपुर, अणिन्दा पार्श्वनाथ, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, चवलेश्वर पार्श्वनाथ, स्वस्तिधाम जहाजपुर, निवाई, चाकसू, अतिशय क्षेत्र पदमपुरा होते हुए 145 दिनों में लगभग 2000 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए जयपुर में मंगल प्रवेश हुआ। माताजी की उपस्थिति में सुबह मंदिर में अभिषेक-शांतिधारा के बाद धर्म सभा हुई।



### जैन धर्म की संस्कृति का करें प्रचार-प्रसार

आहारचर्या के बाद माताजी ने दोपहर में आगम चर्चा के दौरान मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि चलते-फिरते तीर्थ दिगम्बर मुनि आर्यिका माताजी के कारण ही आज पूरे देश में जैन संस्कृति और जैन धर्म की प्रभावना हो रही है। श्रावकों का कर्तव्य है कि जैन धर्म की संस्कृति की रक्षा करते हुए इसके सिद्धांतों का पालन करें और अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर पुण्य कमाएं। इस दौरान चूलगिरी अतिशय क्षेत्र के संरक्षक प्रवीण चन्द्र छाबड़ा, सेठी कालोनी दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष दीनदयाल पाटनी, महामंत्री धर्मीचन्द कासलीवाल, उपाध्यक्ष राकेश मुशर्रफ, संयुक्त मंत्री सुनील सेठी, प्रमोद छाबड़ा समेत अन्य संगठनों के पदाधिकारी व श्रद्धालुओं ने माताजी को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। शाम को आर्यिका संघ का दुर्गापुरा स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभजी में मंगल प्रवेश हुआ।

## नारद जयंती: वरिष्ठ पत्रकार सम्मान समारोह आज

बेधड़क | जयपुर

आर्ष संस्कृति दिग्दर्शक ट्रस्ट एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर के तत्वावधान में दिल्ली रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में 2 मई को नारद जयंती पर वरिष्ठ पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडेय और महंत रामरज दास त्यागी ने बताया कि गोविंद देवजी के महंत अंजन कुमार गोस्वामी की उपस्थिति में सर्वप्रथम पंचमुखी हनुमानजी और महर्षि नारद मुनि की पूजा-अर्चना कर महाआरती की जाएगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के हरियाणा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनियां, विशिष्ट अतिथि बृजमोहन शर्मा, पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा, मुख्य वक्ता जितेंद्र सिंह शेखावत और खोजी द्वाराचार्य राम रिछपाल दास महाराज, त्रिवेणी धाम आयोजन में शिरकत करेंगे। जयंती के अवसर पर संत-महंतों की उपस्थिति में सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया जाएगा।

### देवनानी ने दी शुभकामनाएं

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी ने देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। डॉ. देवनानी ने अपने संदेश में कहा कि देवर्षि नारद भारतीय संस्कृति में संवाद, ज्ञान और लोक मंगल के प्रतीक माने जाते हैं। वे प्रथम पत्रकार के रूप में भी पूजनीय हैं। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि संवाद का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल और सूचना युग में नारदजी के आदर्श और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। समाज में स्वस्थ संवाद, पारदर्शिता और जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा देने के लिए हमें उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए।

## गोविंद देवजी में जल यात्रा शुरू

बेधड़क | जयपुर

पीपल पूर्णिमा पर शुक्रवार को गलता तीर्थ में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य किया और सत्यनारायण भगवान की कथा सुनी। शहर के मंदिरों में भगवान को धवल पोशाक धारण कराई गई। गोविंद देवजी मंदिर में पूर्णिमा पर जल यात्रा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महंत अंजन कुमार गोस्वामी की मौजूदगी में ठाकुरजी को चांदी की कमलाकार होदी में विराजमान कर जल विहार कराया गया। दस फव्वारों और शीतल, सुगंधित जल के बीच जल क्रीड़ा का मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया गया। ठाकुरजी और राधा रानी की स्वर्ण पिचकारी से सजी झांकी ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। मंदिर परिसर केवड़ा और गुलाब जल की सुगंध से महक उठा। जल यात्रा के बाद ठाकुरजी को ऋतु-फल, पूड़ी-सिकरन सहित पारंपरिक पकवानों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर प्रशासन के अनुसार यह जल यात्रा महोत्सव ज्येष्ठ मास की विभिन्न तिथियों पर भी आयोजित किया जाएगा। गर्मी को ध्यान में रखते हुए झांकी का समय सुबह 11.15 से 11.45 बजे तक रहेगा।



## अल्प प्रवास पर जयपुर पहुंचे फ्लाइट बाबा

बेधड़क | जयपुर

फ्लाइट वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध परम पूज्य अनंत दास महाराज शुक्रवार को अल्प प्रवास पर जयपुर पहुंचे। इस दौरान वे विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र हर्ष के मानसरोवर स्थित कार्यालय पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

अल्प समय रुकने के बाद वे अगले गंतव्य के लिए प्रस्थान कर गए। हमेशा मुस्कराते रहने वाले फ्लाइट बाबा की सबसे खास पहचान उनका कपड़े का झोला है, जिसमें पासपोर्ट और वीजा रहते हैं। यही झोला उनके निरंतर यात्रा जीवन का प्रतीक बन चुका है। उन्हें आकाश का संन्यासी और 'वन डे बाबा' भी कहा जाता है, क्योंकि वे किसी भी शहर या स्थान पर 24 घंटे से अधिक नहीं ठहरते।

बीते 25 वर्षों से अधिक समय से वे निरंतर हवाई यात्रा के माध्यम से देश-विदेश में भ्रमण कर रहे हैं। फ्लाइट वाले बाबा का मानना है कि गतिशीलता ही साधना है और सीमाओं से परे रहकर ही जीवन का व्यापक अनुभव प्राप्त किया जा सकता है।



फ्लाइट बाबा का स्वागत करते विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र हर्ष।

## सतगुरु हरिदास राम जन्मोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

बेधड़क | जयपुर

अमरापुर स्थान में सतगुरु हरिदास राम का 97वां पांच दिवसीय जन्मोत्सव वैशाख पूर्णिमा पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह की प्रार्थना से हुई। इसके बाद गीता, प्रेम प्रकाश ग्रंथ और अन्य धार्मिक ग्रंथों के पाठ हुए। सत्यनारायण कथा, प्रवचन, दीप प्रज्वलन और भजन-कीर्तन जैसे कार्यक्रमों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। संतों और भक्तों ने सतगुरु के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। शहर के अलग-अलग स्थानों पर राहगीरों को छाछ, लस्सी, शर्बत, फल और भोजन वितरित किया गया। एसएमएस अस्पताल के बाहर जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। निर्माण नगर के अनाथालय में बच्चों को फल और पढ़ाई से जुड़ी सामग्री दी गई। अंत में कुष्ठ आश्रम में भी भोजन और फल पहुंचाए गए।



विश्व गायत्री परिवार का गृहे-गृहे यज्ञ अभियान

## विश्व में गूंजा गायत्री मंत्र, जयपुर के 11 हजार घरों में हवन

- एक साथ लगभग 24 लाख स्थानों पर दी आहुतियां

बेधड़क | जयपुर

अखिल विश्व गायत्री परिवार के गृहे-गृहे यज्ञ अभियान ने वैशाख पूर्णिमा पर शुक्रवार को आस्था और एकता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस अभियान के तहत देश-विदेश में एक साथ यज्ञ आयोजित हुए, जिनमें ऑनलाइन माध्यम से लगभग 24 लाख स्थानों पर आहुतियां अर्पित की गईं। जयपुर शहर में गायत्री परिवार से जुड़े 11 हजार घरों में एक ही समय पर सामूहिक हवन संपन्न हुए।



वैशाख पूर्णिमा पर जयपुर में आयोजित गायत्री यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु।

### चीन, दुबई व मेलबर्न समेत अनेक देशों से जुड़े लोग

आयोजन में चीन, दुबई, मेलबर्न, सिडनी, शिकागो, टेक्सास और फिलीपींस सहित कई देशों से श्रद्धालु जुड़े। वहीं भारत के राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, दिल्ली और बेंगलुरु सहित अनेक राज्यों और शहरों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जयपुर में ब्रह्मपुरी, कालवाड़ और मानसरोवर सहित विभिन्न शक्तिपीठों और चेतना केंद्रों पर सामूहिक हवन हुए। हर केंद्र पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गायत्री परिवार के समन्वयक सुशील शर्मा ने दुर्गापुरा से यज्ञ का संचालन करते हुए पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्र निर्माण और विश्व शांति की कामना के साथ आहुतियां दिलवाईं।

### दक्षिणा की राशि से पौधे लगाने का संदेश

हवन के लिए प्रत्येक घर को सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिसमें हवन सामग्री, घी और कपूर शामिल थे। कई लोगों ने ऑनलाइन के बजाय घर पर पारंपरिक तरीके से भी हवन किया। यज्ञ के बाद श्रद्धालुओं को सेवा कार्यों के लिए प्रेरित किया गया। दक्षिणा की राशि पौधे लगाने, पक्षियों के लिए परिंडे लगाने, जरूरतमंदों को भोजन कराने और बच्चों को किताबें देने जैसे कार्यों में करने का संदेश दिया गया। कई स्थानों पर पौधे और पुस्तकें प्रसाद के रूप में वितरित की गईं तथा रक्तदान और अंगदान का संकल्प भी दिलाया गया।

## शक्ति, सुरक्षा और अर्थव्यवस्था का समीकरण

# वैश्विक सैन्य खर्च में भारत 5वें स्थान पर



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र टिप्पणीकार

दुनिया के देश अपने रक्षा बजट या यूं कहें कि सैन्य खर्च में अभूतपूर्व बढ़ोतरी कर रहे हैं। वास्तव में आज के समय में दुनिया भर में सैन्य खर्च कई कारणों से तेजी से बढ़ रहा है। प्रमुख कारणों की यदि हम बात करें तो भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध (रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध, दक्षिण चीन सागर के विवाद) ने देशों को सुरक्षा पर अधिक खर्च करने के लिए प्रेरित किया है। पड़ोसी देशों की प्रतिस्पर्धा (जैसे भारत, चीन और पाकिस्तान) भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। ये देश सामरिक संतुलन बनाए रखने के क्रम में अपने सैन्य खर्च में वृद्धि कर रहे हैं। सरल शब्दों में कहें तो जब एक देश हथियार खरीदता है, तो पड़ोसी देश भी अपनी सेना मजबूत करने लगते हैं, इसे हथियारों की दौड़ कहा जाता है।

नई तकनीक और आधुनिक हथियार भी एक प्रमुख कारण बनकर उभरे हैं। पिछले कुछ समय से ड्रोन, साइबर सुरक्षा, मिसाइल रक्षा प्रणाली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित हथियार, अंतरिक्ष रक्षा आदि पर भारी निवेश हो रहा है, क्योंकि आधुनिक युद्ध अब केवल सैनिकों से नहीं, बल्कि तकनीक से भी लड़ा जाता है। आज आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा खतरों जैसे घुसपैठ और नशीले पदार्थों की तस्करी के कारण भी विभिन्न देशों ने अपने सैन्य खर्च में वृद्धि की है। वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा ने भी सैन्य खर्च में बढ़ोतरी को जन्म दिया है। सच तो यह है कि आज चीन, अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली देश अपनी सैन्य शक्ति दिखाकर विश्व राजनीति में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं।

"नई तकनीक और आधुनिक हथियार भी एक प्रमुख कारण बनकर उभरे हैं। पिछले कुछ समय से ड्रोन, साइबर सुरक्षा, मिसाइल रक्षा प्रणाली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित हथियार, अंतरिक्ष रक्षा आदि पर भारी निवेश हो रहा है, क्योंकि आधुनिक युद्ध अब केवल सैनिकों से नहीं, बल्कि तकनीक से भी लड़ा जाता है। आज आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा खतरों जैसे घुसपैठ और नशीले पदार्थों की तस्करी के कारण भी विभिन्न देशों ने अपने सैन्य खर्च में वृद्धि की है। वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा ने भी सैन्य खर्च में बढ़ोतरी को जन्म दिया है। सच तो यह है कि आज चीन, अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली देश अपनी सैन्य शक्ति दिखाकर विश्व राजनीति में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं।"

इतना ही नहीं, आज हथियार उद्योग कई देशों की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा बन चुका है। रक्षा सौदों से रोजगार, निर्यात और तकनीकी विकास भी जुड़ा होता है। कहना गलत नहीं होगा कि वर्तमान समय में सैन्य खर्च बढ़ना केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि सुरक्षा, शक्ति संतुलन, तकनीकी बढ़त और राजनीतिक प्रभाव का भी संकेत है। लेकिन अत्यधिक सैन्य खर्च से शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास क्षेत्रों पर दबाव भी बढ़ सकता है।

इसी क्रम में हाल ही में एक प्रतिष्ठित समाचार एजेंसी के हवाले से यह खबर आई है कि भारत का रक्षा खर्च 8.9% बढ़ा है और भारत पांचवां सबसे अधिक सैन्य खर्च करने वाला देश बन गया है। दरअसल, हाल ही में आई सिपरी (स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट) की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर पार कर चुका है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में भारत का सैन्य खर्च 8.9 प्रतिशत बढ़कर 92.1 अरब डॉलर हो गया।

गौरतलब है कि यह लगातार 11वां वर्ष है, जब वैश्विक सैन्य खर्च में वृद्धि दर्ज की गई है। सबसे अधिक खर्च करने वाले पांच देशों में अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत शामिल हैं, जिनका वैश्विक खर्च में कुल योगदान 58 प्रतिशत है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस और जर्मनी का सैन्य खर्च क्रमशः 954, 864, 336, 190 तथा 114 अरब डॉलर रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि इससे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर भार बढ़ा है। जानकारी के अनुसार सैन्य खर्च के कारण वैश्विक जीडीपी पर भार 2024 में 2.4% था, जो 2025 में बढ़कर 2.5% हो गया। दुनियाभर में सरकारों का सेना पर औसत खर्च 2024 में 7% था, जो 2025 में घटकर 6.9% रह गया। यह भी उल्लेखनीय है कि इजराइल का सैन्य खर्च 4.9% घटकर 48.3 अरब डॉलर रहा, वहीं ईरान का खर्च लगातार दूसरे वर्ष घटकर 2025 में 7.4 अरब डॉलर रह गया।

आंकड़े बताते हैं कि नाटो का सैन्य खर्च 14% बढ़कर 864 अरब डॉलर हो गया, जबकि स्पेन ने अपना सैन्य खर्च 50% बढ़ाकर 40.2 अरब डॉलर कर दिया। मध्य-पूर्व में सेना पर 218 अरब डॉलर खर्च हुए, जो वर्ष 2024 की तुलना में 0.1% कम है।

हाल-फिलहाल यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के रक्षा खर्च में वृद्धि की एक बड़ी वजह पिछले मई में भारत-पाकिस्तान के बीच हुआ संघर्ष बताया गया है, जिसमें लड़ाकू विमानों, ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग हुआ। इसी के चलते पाकिस्तान का सैन्य खर्च भी 11% बढ़कर 11.9 अरब डॉलर हो गया। पाकिस्तान ने चीन से नए हथियार भी खरीदे। गौरतलब है कि वैश्विक स्तर पर सैन्य खर्च का बोझ (जीडीपी के अनुपात में) 2.5% तक पहुंच गया है, जो 2009 के बाद सबसे अधिक है। इसका अर्थ है कि प्रति व्यक्ति औसतन 352 डॉलर सैन्य खर्च किया गया। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका का सैन्य खर्च 7.5% घटकर 954 अरब डॉलर रहा, जबकि यूरोप में 14% और एशिया-ओशिनिया क्षेत्र में 8.1% की वृद्धि दर्ज की गई। चीन, जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश है, ने 2025 में अपना रक्षा बजट 7.4% बढ़ाकर 336 अरब डॉलर कर दिया। यह लगातार 31वां वर्ष है जब चीन ने अपने रक्षा खर्च में वृद्धि की है।

बहरहाल, यह कहना गलत नहीं होगा कि अत्यधिक सैन्य खर्च के फायदे और नुकसान दोनों होते हैं। एक ओर इससे राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होती है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और तकनीकी विकास होता है। रक्षा अनुसंधान से विकसित तकनीकें बाद में आम जनता के लिए भी उपयोगी सिद्ध होती हैं, जैसे इंटरनेट और जीपीएस। इसके अलावा, मजबूत सैन्य शक्ति से अंतरराष्ट्रीय प्रभाव भी बढ़ता है और सेना आपदा प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वहीं दूसरी ओर, अत्यधिक सैन्य खर्च के नुकसान भी कम नहीं हैं। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास योजनाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अधिक सैन्य खर्च से सरकारी घाटा, कर्ज और महंगाई बढ़ सकती है। इसके अलावा, हथियारों की होड़ बढ़ने से वैश्विक तनाव और युद्ध की संभावना भी बढ़ जाती है। यदि जनता गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रही हो और सरकार हथियारों पर अधिक खर्च करे, तो सामाजिक असंतोष भी उत्पन्न हो सकता है। अतः निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि किसी भी देश के लिए अपनी संप्रभुता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सैन्य खर्च आवश्यक है, लेकिन अत्यधिक सैन्य खर्च संतुलित नीति नहीं मानी जा सकती। इसलिए प्रत्येक देश को चाहिए कि वह सुरक्षा के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समग्र विकास पर भी समान ध्यान दे, ताकि वह प्रगति और उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



सैन्य खर्च 14% बढ़कर 864 अरब डॉलर हो गया, जबकि स्पेन ने अपना सैन्य खर्च 50% बढ़ाकर 40.2 अरब डॉलर कर दिया। मध्य-पूर्व में सेना पर 218 अरब डॉलर खर्च हुए, जो वर्ष 2024 की तुलना में 0.1% कम है। हाल-फिलहाल यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के रक्षा खर्च में वृद्धि की एक बड़ी वजह पिछले मई में भारत-पाकिस्तान के बीच हुआ संघर्ष बताया गया है, जिसमें लड़ाकू विमानों, ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग हुआ। इसी के चलते पाकिस्तान का सैन्य खर्च भी 11% बढ़कर 11.9 अरब डॉलर हो गया। पाकिस्तान ने चीन से नए हथियार भी खरीदे। गौरतलब है कि वैश्विक स्तर पर सैन्य खर्च का बोझ (जीडीपी के अनुपात में) 2.5% तक पहुंच गया है, जो 2009 के बाद सबसे अधिक है। इसका अर्थ है कि प्रति व्यक्ति औसतन 352 डॉलर सैन्य खर्च किया गया। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका का सैन्य खर्च 7.5% घटकर 954 अरब डॉलर रहा, जबकि यूरोप में 14% और एशिया-ओशिनिया क्षेत्र में 8.1% की वृद्धि दर्ज की गई। चीन, जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश है, ने 2025 में अपना रक्षा बजट 7.4% बढ़ाकर 336 अरब डॉलर कर दिया। यह लगातार 31वां वर्ष है, जब चीन ने अपने रक्षा खर्च में वृद्धि की है।

## नॉलेज कॉर्नर: बरगी डैम हादसे से उठे सवाल

# लाइफ जैकेट के बावजूद क्यों नहीं बच पाई जान?

जबलपुर के बरगी डैम में हुए हादसे के बाद सामने आई एक तस्वीर काफी दर्दनाक है। इसमें पानी की सतह पर एक महिला और एक मासूम बच्चा लेटे नजर आ रहे हैं। मासूम बच्चा महिला से चिपका हुआ है और दोनों स्थिर पड़े हुए हैं। तस्वीर में दिख रहा है कि उन्होंने लाइफ जैकेट पहन रखी है, लेकिन फिर भी उनकी जिंदगी नहीं बच पाई। यहीं से सबसे बड़ा सवाल उठता है कि जिस लाइफ जैकेट को हम सुरक्षा की गारंटी मानते हैं... क्या वो हर हाल में काम करती है? या फिर सच ये है कि कई बार ये जैकेट सिर्फ शरीर को तैरता रख पाती है, तो जानते हैं कि आखिर ये लाइफ जैकेट कितनी सेफ हैं?

### दो तरह की जैकेट का इस्तेमाल

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि हर लाइफ जैकेट एक जैसी नहीं होती और कई तरह की जैकेट्स आती हैं। आम तौर पर दो तरह की जैकेट का इस्तेमाल होता है, जिसमें एक सोलास अप्रूव्ड लाइफ जैकेट है और दूसरी सामान्य तौर पर इस्तेमाल होने वाली बाउंसी जैकेट। दोनों के काम करने का तरीका और सुरक्षा स्तर अलग-अलग होता है और यही फर्क कई बार जिंदगी और मौत के बीच खड़ा हो जाता है।

### सोलास अप्रूव्ड लाइफ जैकेट

बता दें कि सोलास अप्रूव्ड लाइफ जैकेट को अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत डिजाइन किया जाता है। सोलास यानी सेफ्टी ऑफ लाइफ एट सी एक अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा संधि है, जो जहाजों और सेफ्टी उपकरणों के मानक तय करती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि यह व्यक्ति को पानी में ऑटोमैटिक तरीके से पीठ के बल सीधा कर देती है, यानी सिर को हमेशा पानी से ऊपर रखती है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति बेहोश हो जाए या हाथ-पांव न चला पाए, तब भी उसके डूबने की संभावना काफी कम हो जाती है। यही वजह है कि इसे सबसे सुरक्षित माना जाता है।



### बाउंसी जैकेट

इसके उलट, आम नावों या क्रूज में अक्सर इस्तेमाल होने वाली बाउंसी जैकेट सिर्फ शरीर को पानी में तैराए रखने में मदद करती है। यह शरीर की पोजीशन को कंट्रोल नहीं कर पाती। यानी अगर कोई व्यक्ति उल्टा गिर गया, चेहरा पानी की तरफ तो यह जैकेट उसे सीधा नहीं कर पाएगी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ऐसी स्थिति में सिर्फ कुछ इंच पानी भी जानलेवा साबित हो सकता है, क्योंकि व्यक्ति का मुंह और नाक पानी में डूबे रह सकते हैं।

### कब काम नहीं करती जैकेट?

एक और बड़ी समस्या तब होती है जब लोग लाइफ जैकेट को आखिरी वक्त पर पहनते हैं। बरगी डैम हादसे के मामले में भी शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि कई लोगों ने जैकेट नाव पर बैठने से पहले नहीं पहनी थी, बल्कि हादसे के ठीक पहले जल्दबाजी में पहनी। ऐसे में जैकेट अक्सर सही तरीके से बंध नहीं पाती, स्ट्रैप ढीले रह जाते हैं और पानी में गिरते ही जैकेट अपनी जगह से खिसक सकती है या असरदार तरीके से काम नहीं कर पाती। इसके अलावा, कई हादसों में शरीर के कहीं फंस जाने की भी स्थिति बन जाती है।

### डूबने से बचाने में करती है मदद

*ऐसा नहीं है कि लाइफ जैकेट से कोई फायदा नहीं है। सही साइज और सही तरीके से पहनी गई लाइफ जैकेट पानी में डूबने का खतरा काफी हद तक कम कर देती है। कई रिपोर्ट में सामने आया है कि जब भी ऐसे हादसे होते हैं तो उनमें 80-85 फीसदी उन लोगों की मौत होती है, जो लाइफ जैकेट नहीं पहने होते हैं।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

## व्यंग्य

# कल चमन था, आज इक सहरा हुआ!



प्रभात गोस्वामी
व्यंग्यकार

चुनाव में जीभ तो नेताओं की लपलपाती है, पर चाट बाजार मतदाताओं को लुभाने के लिए सजाए जाते हैं। यहां खयाली पुलाव से लेकर वादों के गोलगप्पों तक, नानाविध पकवान सबको आकर्षित करते रहे। रोजगार के मीठे अंगूर दिन में और अंगूर की बेटी (शराब) शाम को माहौल को गुलजार कर रही थीं। बच्चों की शालाएं न भी खुलें, पर मधुशालाएं अवश्य खुलती रहीं।

चुनावी घाट पर कार्यकर्ता जमकर मुफ्त का चंदन घिस रहे थे और नेता मुफ्त बिजली, राशन, शिक्षा और लैपटॉप आदि का तिलक मतदाताओं के माथे पर लगाकर उन्हें भरमा रहे थे। कोरोना की तीसरी डोज भले ही न लगी हो, पर मुफ्त सुविधाओं की डोज सबको दी गई। गरीबों के घरों पर माननीयों का भोजन और हर चरण में उनके चरण धोने की होड़- चुनाव के हर चरण में देखने लायक थी।

चुनावी जनसभाओं में मेले-सी रौनक थी। कहीं नेता कठपुतली बनकर तो कहीं सुनहरे भविष्य की गीतमाला गाकर मतदाताओं को भरोसा दिलाते रहे। उन्हें वादों के गगनचुंबी झूलों में झुलाकर शहर दर्शन करवाया गया। चुनाव से पूर्व कच्ची बस्तियों में पक्की सड़कें बिछाई गईं, ताकि नेताओं को मतदाताओं के सामने बिछने में कोई कष्ट न हो। पानी की टोंटियों से हवा की जगह सचमुच पानी और सुनहरे भविष्य के वादे पूरी धार के साथ निकल रहे थे। फ्यूज बल्बों से भी गलियां रोशन होने लगी थीं। गरीबों के घर मंदिरों में तब्दील हो गए थे, जहां सुबह-शाम धोक लगाने वालों की भीड़ लगी रहती थी और 'प्रसाद' भी खूब बंटता था। अब चुनाव के दोनों चरण पूरे हो चुके हैं। नेताओं और कार्यकर्ताओं की चरण-चाप की मधुर आवाजें बंद हो गई हैं। चारों तरफ सन्नाटा छा गया है। कचरे के ढेर लगे हुए हैं। पानी की टोंटियों से फिर से हवा निकल रही है। घरों पर कोई दस्तक नहीं दे रहा, कोई मान-मनुहार नहीं कर रहा। दिन-रात दिखाई देने वाले नेता अंतर्ध्यान हो चुके हैं। लगता है, जैसे सब ईवीएम की कंदराओं में बंद हो गए हों! मस्ती की पाठशाला में पांच साल की छुट्टियों का अघोषित कार्यक्रम जारी हो चुका है। दिन और रातें कितनी बदल गई हैं! चहुं दिशाओं से धूल के गुबार उड़ रहे हैं। क्या यह सब एक सपना था या हकीकत यही है? अब जनप्रतिनिधि मतगणना और भविष्य की गणना में व्यस्त हो जाएंगे और आम आदमी उनके फिर से लौट आने के दिनों की गणना करने में व्यस्त हो जाएगा।

"कल चमन था, आज इक सहरा हुआ, देखते ही देखते ये क्या हुआ?

सोचता हूं अपने घर को देखकर, हो न हो, ये है मेरा देखा हुआ।"

## X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री राजस्थान
@BhajanlalBjp

युवा शक्ति प्रदेश की प्रगति का सबसे सशक्त आधार है। हमारी सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वरोजगार को बढ़ावा देते हुए 50 लाख से 1 करोड़ रुपए तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि हमारे युवा केवल नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजन करने वाले बनें और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति दें।



**शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय मंत्री
@ChouhanShivraj

उड़ीसा के किसानों की समृद्धि हमारा संकल्प है। प्रोग्रेसिव खेती को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिकों की टीम बनाकर राज्यभर में सर्वे कराया जाएगा, ताकि क्षेत्र अनुसार बेहतर फसलों का चयन हो सके। साथ ही, एग्रीकल्चर इंफ्रा फंड के माध्यम से वेयरहाउस और गोदामों का विस्तार, तथा बीज ग्राम (सीड विलेज) की स्थापना कर बेहतर भंडारण और गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।



**दीया कुमारी,** उप मुख्यमंत्री राजस्थान
@KumariDiya

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री @narendramodi जी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई "प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना" को 10 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण हो गए हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने देश की करोड़ों माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य, सम्मान और जीवन स्तर को नई दिशा दी है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं देश और प्रदेश की समस्त मातृशक्ति की ओर से आदरणीय प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट करती हूं।



**मदन दिलावर,** शिक्षा मंत्री राजस्थान
@madandilawar

प्रदेशवासियों से विनम्र अपील है कि वे जनगणना की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें और 'स्व-गणना' के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें। आइए! जिम्मेदार नागरिक बनकर जनगणना को सफल बनाएं और विकास की इस यात्रा में सहभागी बनें।

**लेखकों से आग्रह है...**

वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

**पश्चिम बंगाल:** दक्षिण 24 परगना जिले के 15 बूथों पर पुनर्मतदान आज

# ‘स्ट्रॉन्ग रूम’ 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में: सीईओ अग्रवाल

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने शुक्रवार को कहा कि मतगणना केंद्रों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है और ‘स्ट्रॉन्ग रूम’ की 24 घंटे सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जा रही है। सीईओ का यह बयान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अपने भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र के ‘स्ट्रॉन्ग रूम’ पर करीब 4 घंटे बिताए जाने और धांधली की आशंका जताए जाने के एक दिन बाद आया है। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों के 15 बूथों पर चुनावी अनियमितताओं की शिकायत के बाद दो मई को पुनर्मतदान कराने का शुक्रवार को आदेश दिया। निर्वाचन आयोग के आदेश के मुताबिक, मगराहाट पश्चिम के 11 बूथों और डायमंड हार्बर के चार बूथों पर पुनर्मतदान के आदेश दिए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने संवाददाताओं से कहा कि मतगणना केंद्रों को पूरी तरह से सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है और वास्तविक समय में सीसीटीवी फुटेज बाहर से देखे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने के लिए कारण और सबूत होने चाहिए।

### पूर्वी कोलकाता: स्ट्रॉन्ग रूम पर बढ़ाई सुरक्षा

दूसरी ओर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उत्तरी और पूर्वी कोलकाता की कई विधानसभा सीट के लिए प्रस्तावित मतगणना स्थल खुदीराम अनुशीलन केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है, जहां ईवीएम के ‘स्ट्रॉन्ग रूम’ (वह स्थान जहां मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन रखी जाती है) भी स्थित हैं। कोलकाता के संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) रूपेश कुमार ने इलाके का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि एक अतिरिक्त आयुक्त और एक पुलिस उपायुक्त की देखरेख में अतिरिक्त सीएपीएफ और सशस्त्र पुलिस बलों को भी तैनात किया गया है।



*कोलकाता के भवानीपुर स्थित सखावत मेमोरियल गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल में एक स्ट्रांग रूम के बाहर निगरानी करते हुए पुलिस और सुरक्षाकर्मी।*

### सभी 7 स्ट्रॉन्ग रूम के आसपास निषेधाज्ञा लागू

इस बीच, कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को शहर के सभी सात नामित स्ट्रॉन्ग रूम के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी। पुलिस आयुक्त अजय नंद द्वारा जारी आदेश के अनुसार, निषेधाज्ञा प्रत्येक स्ट्रॉन्ग रूम के 200 मीटर के दायरे में प्रभावी रहेगी। इसके तहत निर्धारित दायरे में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर रोक होगी, साथ ही जुलूसों, प्रदर्शनों और हथियारों या विस्फोटक सामग्री ले जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### TMC कर रही है मतगणना केंद्रों की निगरानी

तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता और बेलियाघाट सीट से उम्मीदवार कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के निर्देश पर कार्यकर्ता और उम्मीदवार उन मतगणना केंद्रों की निगरानी कर रहे हैं, जहां ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में रखे गए हैं। घोष ने अनधिकृत गतिविधि होने की आशंका जताते हुए कहा कि पार्टी के मतदान एजेंट और उम्मीदवारों को इस संबंध में सतर्क कर दिया गया है।

### सलीम डोला के पास था बुल्गारिया का पासपोर्ट



**नई दिल्ली।** तुर्किये से हाल ही में भारत लाया गया मादक पदार्थों का अंतरराष्ट्रीय तस्कर मोहम्मद सलीम डोला वहां फर्जी नाम से बुल्गारिया के पासपोर्ट पर रह रहा था। अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती जांच में पता चला कि डोला बुल्गारिया के पासपोर्ट के साथ तुर्किये में हमजा नाम से रह रहा था। उन्होंने बताया कि बुल्गारिया का उसका पासपोर्ट वैध था या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। जांच एजेंसी ने मुंबई की अदालत को बताया कि डोला का नाम दाऊद इब्राहिम से जुड़े अंतरराष्ट्रीय तस्कर के रूप में सामने आया है और उसकी पहचान जून 2023 में दक्षिण मुंबई से जब्त किए गए मादक पदार्थ ‘मेफेड्रोन’ के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में की गई है। मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने गुरुवार को डोला (59) को आठ मई तक के लिए स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की हिरासत में भेज दिया।

### अनुराग ठाकुर, वर्मा पर संज्ञेय अपराध नहीं बनता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 2020 में दिल्ली में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) विरोधी प्रदर्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के कथित रूप से नफरत फैलाने वाले भाषणों के मामले में उनके खिलाफ कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता। सांसद ठाकुर पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं तथा वर्मा दिल्ली सरकार में मंत्री हैं। न्यायाधीश विक्रम नाथ और न्यायाधीश संदीप मेहता की पीठ ने नफरत फैलाने वाले भाषणों से संबंधित याचिकाओं पर 29 अप्रैल को दिए अपने फैसले में माकपा नेताओं वृंदा करात और के. एम. तिवारी की उस याचिका पर भी विचार किया जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के जून 2022 के फैसले को चुनौती दी गई थी।

**75 साल बाद भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष लद्दाख लौटे, दर्शनार्थ रखे गए**

# सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है लद्दाख, ज्ञान को सहेजा

**एजेंसी** | लेह/जम्मू

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की 75 साल बाद लद्दाख वापसी को ‘ऐतिहासिक पुनर्मिलन’ बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह केंद्रशासित प्रदेश सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है, जिसने बौद्ध ज्ञान को सहेजा एवं पोषित किया है। शाह ने बुद्ध की शिक्षाओं की आधुनिक समय में प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि शांति, करुणा एवं मध्यम मार्ग का संदेश 2,500 साल पहले की तुलना में आज कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

लद्दाख के दो दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लेह में तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेषों को दर्शनार्थ रखे जाने के कार्यक्रम और 2569वें बुद्ध पूर्णिमा समारोह का उद्घाटन किया। शाह ने लद्दाख प्रशासन से यह सुनिश्चित करने की अपील भी की कि सभी धर्मों के अनुयायी, विशेषकर बौद्ध धर्मावलंबी, पवित्र अवशेषों के दर्शन कर सकें।

शाह ने कहा, लद्दाख में इन पवित्र अवशेषों की उपस्थिति हमें याद दिलाती है कि भारत की सभ्यता हजारों वर्षों से शांति और सह-अस्तित्व का संदेश देती रही है।

शाह ने कहा, जब दलाई लामा यहां आते हैं तो वह कहते हैं कि यह भूमि केवल भौगोलिक जमीन नहीं, बल्कि बौद्ध संस्कृति एवं करुणा की जीवंत प्रयोगशाला है। शाह ने लद्दाख को करुणा की भूमि बताते हुए कहा कि जब भी बौद्ध धर्म संकट में पड़ा, इस भूमि ने बुद्ध की शिक्षाओं की रक्षा के लिए काम किया और जब शांति लौटी तो इसने उस संरक्षित ज्ञान को विस्तार देने और आगे बढ़ाने में मदद की। शाह ने कहा कि तथागत बुद्ध की शिक्षाएं लद्दाख और इसके आसपास के मार्गों के जरिए चीन तथा कई अन्य देशों तक पहुंचीं।



*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लद्दाख में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्घाटन के दौरान प्रार्थना करते हुए।*

### प्रदर्शनी देखने लोग उमड़े

लेह के जीव-त्सल में हल्की बर्फबारी और शांत एवं भक्तिमय माहौल में हजारों की संख्या में श्रद्धालु बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध के अवशेषों की एक प्रदर्शनी को देखने के लिए पहुंचे। बुद्ध के अवशेषों को 28 अप्रैल को लेह लाया गया था और इन अवशेषों को देखने के लिए लद्दाख व आसपास के इलाकों से हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। बौद्ध परंपरा में बुद्ध के अवशेषों को उनकी उपस्थिति और शिक्षाओं का प्रतीक माना जाता है।

### कई डेयरी परियोजनाओं की दी सौगात

शाह ने शुक्रवार को लद्दाख में डेयरी क्षेत्र में कुछ परियोजनाओं की नींव रखी और अन्य का उद्घाटन किया। साथ ही लद्दाख और करगिल में डेयरी क्षेत्र के बड़े विस्तार की योजनाओं की घोषणा की। बाद में लेह में एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने लद्दाख और कारगिल के लोगों की देशभक्ति और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए किए बलिदानों की प्रशंसा की। सीमा पार से जब भी खतरा आया, सेना के पहुंचने से पहले लद्दाख के लोग राष्ट्र की रक्षा के लिए खड़े हो गए। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पद संभालने के बाद देश के पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है और सिर्फ एक दशक में दूध उत्पादन में करीब 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। देश का दूध उत्पादन 2014-15 में 14.3 करोड़ टन से बढ़कर 2024-25 में लगभग 24.8 करोड़ टन हो गया है, जो 10 वर्ष में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि है।



*लद्दाख के कारगिल में एक दूध प्रोसेसिंग प्लांट की आधारशिला रखने और लेह मिल्क प्लांट के नए उत्पादों को जारी करने के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य लोग।*

**कई इलाकों में इस माह अधिक सताएगी लू**

## मई माह में पूरे देश में सामान्य से अधिक बारिश संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि मई में हिमालय के तराई क्षेत्र के कुछ हिस्सों, पूर्वी तटीय राज्यों, गुजरात और महाराष्ट्र में सामान्य से अधिक दिन लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि मई के दौरान पूरे देश में औसत वर्षा सामान्य से अधिक होने की संभावना है, क्योंकि अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में दक्षिण-पश्चिमी मानसून का आगमन 14-16 मई के आसपास होने की उम्मीद है। आईएमडी ने यह भी कहा कि मई में पूरे भारत में सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान है, हालांकि पूर्वी, पूर्वोत्तर और पूर्वी-मध्य भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के बारे में महापात्र ने कहा कि मानसून 14-16 मई के आसपास अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह पहुंच सकता है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने एक बयान में कहा कि मई 2026 के दौरान देश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का पूर्वानुमान है। उन्होंने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों के साथ-साथ मध्य भारत के कुछ हिस्सों, प्रायद्वीपीय भारत के सटे क्षेत्रों और पूर्वोत्तर भारत के दक्षिणी हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम या सामान्य के आसपास रहने का पूर्वानुमान है।



### अल नीनो की बन रही हैं परिस्थितियां

आईएमडी के अनुसार, वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में अल नीनो-दक्षिणी दोलन की तटस्थ स्थितियां धीरे-धीरे अल नीनो की ओर विकसित हो रही हैं। अल नीनो वह चक्र है जिसमें मध्य प्रशांत महासागर के पानी का तापमान समय-समय पर बढ़ जाता है। आईएमडी ने कहा कि मानसून मिशन युग्मित पूर्वानुमान प्रणाली के नवीनतम पूर्वानुमान से संकेत मिलता है कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून के मौसम के दौरान अल नीनो की परिस्थितियां विकसित हो सकती हैं।

**पंजाब:** विपक्षी सदस्य सदन की बैठक में नहीं हुए शामिल

## मान ने हासिल किया विश्वासमत

**एजेंसी** | चंडीगढ़

पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार द्वारा शुक्रवार को राज्य विधानसभा में पेश विश्वास प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इस दौरान आप विधायकों ने दोहराया कि वे चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े रहेंगे।

मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार ने यह कदम अरविंद केजरीवाल नीत ‘आप’ के सात राज्यसभा सदस्यों के पाला बदलकर भाजपा में शामिल होने की घटना के कुछ दिन बाद उठाया है। विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि आप मजबूत है और उसका विस्तार हो रहा है। मान जब सदन में विश्वास प्रस्ताव पेश कर रहे थे तो निर्दलीय विधायक राणा इंद्रजीत सिंह को छोड़कर कोई विपक्षी सदस्य मौजूद नहीं था। कांग्रेस ने सत्र से बहिर्गमन कर दिया था जबकि भाजपा ने इस विशेष सत्र का बहिष्कार किया है। शिअद और बसपा के विधायक भी सदन में नहीं थे। मान ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें हैं कि ‘आप’ का सफाया हो जाएगा और उसके विधायक पाला बदल लेंगे, इससे लोगों के मन में भ्रम की स्थिति पैदा होती हैं। विपक्षी विधायकों की अनुपस्थिति में सरकार द्वारा पेश विश्वास प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।




मुख्यमंत्री ने कहा, पार्टी मजबूत है। जम्मू-कश्मीर से लेकर गोवा तक, पार्टी की मौजूदगी है। जम्मू-कश्मीर के डोडा में हमारा एक विधायक है। पंजाब में हमारी सरकार सफलतापूर्वक चल रही है। दिल्ली में हम विपक्ष में हैं।

## राहुल पर FIR की मांग वाली याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को शुक्रवार को राहत देते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी। सिमरन गुप्ता नाम की एक महिला द्वारा दायर इस याचिका पर न्यायाधीश विक्रम डी. चौहान ने यह आदेश पारित किया। न्यायाधीश विक्रम डी. चौहान ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में सरकार के कार्य या नीतियों की आलोचना करने की न केवल अनुमति है, बल्कि यह आवश्यक है। इसलिए आलोचना या वैचारिक मतभेद अपने आप में अपराध नहीं हो सकता।

### जम्मू में पुल का एक हिस्सा ढहा



*जम्मू शहर के बाहरी क्षेत्र बंतलाब में शुक्रवार को एक छोटे पुल का एक हिस्सा ढहने से तीन-चार मजदूर मलबे के नीचे दब गए जबकि एक घायल मजदूर को बाहर निकाल लिया गया। पुलिस, सेना और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने मलबे के नीचे दबे लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया। फोटो में निर्माणाधीन पुल के ढह जाने के बाद वहां बचाव अभियान में जुटे बचावकर्मी।*

**बरगी क्रूज हादसा: मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हुई**

# डूब गई मां, पर ‘ममता’ ने नहीं छोड़ा लाल का साथ

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध में क्रूज नाव पलटने की घटना में मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर नौ हो गई। अधिकारियों ने बताया कि डूबी हुई नाव से पांच और शव बरामद किए गए हैं, जबकि छह अन्य लोगों की तलाश अभी जारी है। अब तक 28 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है।

सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमें लापता लोगों की तलाश में अभियान तेज कर रही हैं। क्रूज हादसे में पीड़ितों की खोज के दौरान एक मार्मिक दृश्य सामने आया, जिसने अनुभवी बचावकर्मियों को भी भावुक कर दिया। अर्धसैनिक बल के गोताखोरों की टीम को नाव के मलबे के भीतर एक महिला का शव मिला, जो अपने बच्चे को अंतिम क्षणों तक कसकर सीने से लगाए हुए थी।

आगरा से आई गोताखोर टीम ने बताया कि डूबी हुई नाव के भीतर हालात बेहद चुनौतीपूर्ण थे। सीमित जगह, टूटे ढांचे और बाहर निकली लोहे की छड़ों के कारण उन्हें हथौड़ों की मदद से रास्ता बनाना पड़ा। इस दौरान एक गोताखोर खुद फंसते-फंसते बचा। एक गोताखोर ने कहा, शुरुआत में महिला के शव को निकालने में दिक्कत आई।

बाद में पता चला कि वह अपने बच्चे को कसकर पकड़े हुए थी, जिससे उन्हें अलग करना मुश्किल था। यह दृश्य बेहद भावुक करने वाला था। उन्होंने बताया कि कम दृश्यता, टूटे हुए ढांचे और तंग जगह के कारण अभियान में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।



*मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में गुरुवार को बरगी बांध में क्रूज के डूबने के बाद शुक्रवार को जारी बचाव अभियान।*

### लाइफ जैकेट को लेकर अफरा-तफरी का आरोप

हादसे में बाल-बाल बचीं दिल्ली निवासी संगीता कोरी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि लापरवाही और तैयारियों की कमी के कारण यह दुर्घटना हुई तथा अंतिम समय में ‘लाइफ जैकेट’ बांटने के दौरान अफरा-तफरी मच गई। कोरी ने बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि नाव में क्षमता से अधिक करीब 40 लोग सवार थे, जिनमें बिना टिकट लिए बैठे कुछ बच्चे भी शामिल थे।

**1,745 करोड़ की 349 किलो कोकीन जब्त**

## ड्रग तस्करों को कुचलने को प्रतिबद्ध: शाह

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने मुंबई में 1,745 करोड़ रुपए मूल्य की उच्च गुणवत्ता वाली 349 किलोग्राम कोकीन जब्त कर मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। शाह ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर लिखा, हम मादक पदार्थों के गिरोहों को कुचलने के लिए संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह जमीनी स्तर से शीर्ष स्तर तक की रणनीति का एक उत्कृष्ट उदाहरण है जिसमें एजेंसी ने एक छोटी खेप का पता लगाकर एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जब्त किए गए मादक पदार्थ का बड़ा हिस्सा विदेश से आयातित मशीनों के अंदरूनी हिस्सों में छिपा हुआ पाया गया। बयान के मुताबिक, एनसीबी ने इस गिरोह का भंडाफोड़ तब किया जब पहली खेप जब्त किए जाने के क्रम में वैन चालक ने कड़ी पूछताछ के दौरान तस्करी के लिए अपनाए जाने वाले तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एनसीबी ने ‘ऑपरेशन व्हाइट स्ट्राइक’ चलाया, जिसमें उसने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय कोकीन तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए छह महीने से अधिक समय तक लगातार खुफिया जानकारी जुटाई।

## धर्मांतरण मामला: राजस्थान और दिल्ली में चार आरोपी गिरफ्तार

# निकाहनामा तैयार करता था मौलाना

एजेंसी | आगरा (उप्र)

आगरा पुलिस ने धर्मांतरण से जुड़े मामले में राजस्थान और दिल्ली में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने शुक्रवार को बताया कि राजस्थान से मौलाना मोहम्मद हसन को गिरफ्तार किया गया है, जो धर्म परिवर्तन करने वालों के निकाहनामे तैयार करता था। उन्होंने बताया कि इसी गिरोह से जुड़े मामले में दिल्ली में तलजीम, परवेज और जतिन कपूर को पकड़ा गया। कुमार ने कहा कि जतिन कपूर मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) की पढ़ाई कर चुका है



और डिजिटल तकनीक में माहिर है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि उसने खुद भी धर्म परिवर्तन कर लिया है और वह डिजिटल माध्यम से लोगों को इस्लाम अपनाने के लिए प्रेरित करता था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी परवेज हिंदुओं के खिलाफ धार्मिक किताबें लिखता था और धर्म परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए प्रचार करता था। उन्होंने कहा कि वह गिरोह के मुख्य सरगना सिद्दीकी का करीबी है, जो पहले भी जेल जा चुका है। कुमार ने कहा कि पुलिस को इन आरोपियों को विदेशों से पैसे मिलने के प्रमाण भी मिले हैं।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी धर्मांतरण गिरोह के लिए अलग-अलग भूमिकाएं निभाते थे। सबकी जिम्मेदारी अलग-अलग थी। इस मामले में अब तक 18 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। ज्ञात रहे कि आगरा के सदर थाना क्षेत्र की दो सगी बहनें मार्च 2025 में गायब हो गईं थीं, जिस पर परिजनों की शिकायत पर सदर थाना में गुमशुदगी दर्ज हुई थी। पुलिस और परिजनों ने सगी बहनों की तलाश शुरू की। तभी मई 2025 में सगी बहनों का धर्मांतरण हो गया। दोनों कोलकाता पहुंच चुकी थीं, जिस पर पुलिस ने धर्मांतरण की छानबीन शुरू की। सगी बहनों की तलाश में आगरा पुलिस ने छह राज्यों में एक साथ दबिश दी थी और कोलकाता की एक बस्ती से मुक्त कराकर पुलिस ने एक-एक कर गैंग के सरगना सहित 14 सदस्यों को जेल भेजा।

## नौसेना को सौंपा पोत



*नई दिल्ली। अत्याधुनिक हथियार प्रणाली और उन्नत सेंसर से लैस स्वदेशी 'स्टील्थ फ्रिगेट' महेंद्रगिरि को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। नीलगिरि श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) का छठा पोत 30 अप्रैल को मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड पर नौसेना को सौंपा गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि नौसेना को एक और उन्नत पोत सौंपा जाना युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।*

### भर्ती घोटाला: मंत्री सुजीत बोस से नौ घंटे पूछताछ



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कथित नगर निकाय भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के मंत्री सुजीत बोस से करीब नौ घंटे तक पूछताछ की। बोस सुबह साढ़े दस बजे से कुछ समय पहले यहां साल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। उनके साथ उनके बेटे समुद्र एवं दो वकील थे। बोस ने शाम को ईडी कार्यालय से बाहर निकलने के बाद संवाददाताओं से कहा, मैंने ईडी अधिकारियों के साथ सहयोग किया और उनके सभी सवालों के जवाब दिए हैं।

### J&K: किश्तवाड़ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की। अधिकारियों ने बताया कि जिले के चतरू इलाके में तलाशी अभियान के दौरान, सुरक्षा बलों ने सिगड़ी भाटा क्षेत्र के बाजमांडू जंगल में स्थित आतंकवादियों के एक गुप्त ठिकाने का भंडाफोड़ किया। यह ठिकाना एक आतंकवादी कमांडर का था जिसे सेना ने पहले ही ढेर कर दिया है।

### दिल्ली: स्कूलें एक साथ नहीं, हर माह वसूलें फीस

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने राष्ट्रीय राजधानी के सभी निजी, गैर-सरकारी और मान्यता प्राप्त विद्यालयों को निर्देश दिया कि वे अनिवार्य तौर पर हर महीने शुल्क वसूलें। निदेशालय ने नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। निदेशालय ने एक आदेश में कहा कि अभिभावकों से मिली कई शिकायतों में आरोप लगाया गया कि कुछ स्कूल उन्हें द्विमासिक, त्रैमासिक या अन्य अग्रिम आधार पर शुल्क का भुगतान करने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जिससे परिवारों पर वित्तीय बोझ पड़ रहा है।

### अमेरिका: छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, पांच लोग मरे

**विम्बरली (अमेरिका)।** अमेरिका के टेक्सास में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई। 'हेज काउंटी' के जज रुबेन बेसेरा ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा कि यह दुर्घटना गुरुवार रात ऑस्टिन के दक्षिण पश्चिम में लगभग 40 मील (64 किलोमीटर) दूर विम्बरली शहर में हुई।

## ट्रंप का दावा: तेहरान समझौता करना चाहता है, पर नेतृत्व में मतभेद

# ईरान का युद्ध समाप्त करने का नया प्रस्ताव स्वीकार नहीं

एजेंसी | वाशिंगटन

ईरान ने दो महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका को एक नया प्रस्ताव भेजा है, क्योंकि फारस की खाड़ी में दुनिया के प्रमुख समुद्री मार्ग-होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही अब भी बाधित है। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान के नवीनतम प्रस्ताव से संतुष्ट नहीं हैं।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, ''वे (ईरान) एक समझौता करना चाहते हैं, मैं उससे संतुष्ट नहीं हूं, इसलिए देखते हैं कि आगे क्या होता है। हालांकि, ट्रंप ने प्रस्ताव की कमियों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले सप्ताह अमेरिकी दूतों की पाकिस्तान यात्रा रद्द होने के बाद भी बातचीत फोन पर जारी है। उन्होंने ईरानी नेतृत्व के प्रति निराशा व्यक्त की। ट्रंप ने कहा कि वहां एक बेहद बिखरा हुआ नेतृत्व है। वे सभी समझौता करना चाहते हैं, लेकिन उनमें आपस में ही मतभेद है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अमेरिका ने ईरान के पूर्व के प्रस्ताव में जिन संशोधनों के लिए कहा था, उनमें यह मांग शामिल थी कि ईरान इस बात के लिए प्रतिबद्ध हो कि जब तक बातचीत जारी रहेगी, वह बमबारी से क्षतिग्रस्त परमाणु संयंत्रों से संवर्धित यूरेनियम बाहर ले जाने या उन स्थलों पर किसी भी तहत की गतिविधि को फिर से शुरू करने का प्रयास नहीं करेगा।



### ईरान नहीं बना सकता परमाणु हथियार

इस बीच, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एन्ना केली ने शुक्रवार को 'फॉक्स न्यूज डिजिटल' से कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार संपन्न देश नहीं बन सकता। अमेरिका की अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बातचीत जारी है। केली की यह टिप्पणी उन खबरों के बारे में पूछे जाने पर आई कि ईरान ने अमेरिका के साथ संघर्ष को समाप्त करने के सिलसिले में पाकिस्तान को अपनी नवीनतम वार्ता की योजना से अवगत करा दिया है। केली ने कहा, हम निजी राजनयिक बातचीत का विवरण साझा नहीं करते हैं।

### पहले प्रस्ताव में यह थी पेशकश

इससे पहले ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और युद्ध समाप्त करने की पेशकश की थी, लेकिन वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को बाद की तारीख तक स्थगित करना चाहता था। ट्रंप ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था और वार्ताकारों से परमाणु मुद्दे को मसौदा पाठ में फिर से शामिल करने के लिए कहा था।

### युद्ध समय सीमा से पहले ही समाप्त

दूसरी ओर, ट्रंप प्रशासन कांग्रेस (अमेरिकी संसद) से युद्ध की मंजूरी लेने की आवश्यकता से बचने के लिए तर्क दे रहा है कि अप्रैल में शुरू हुए युद्धविराम समझौते के बाद ईरान में युद्ध समाप्त हो गया है। यह बयान रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ द्वारा सीनेट के समक्ष दिए गए बयान की पुष्टि करता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि युद्धविराम ने प्रभावी रूप से युद्ध को रोक दिया है। इस आधार पर ट्रंप प्रशासन 1973 के कानून द्वारा अनिवार्य उस शर्त को पूरा नहीं कर रहा है जिसके तहत 60 दिनों से अधिक की सैन्य कार्रवाई के लिए संसद से औपचारिक स्वीकृति आवश्यक है। नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उस कानून के हिसाब से 28 फरवरी शुरू हुआ युद्ध समाप्त हो गया है। अधिकारी ने कहा कि सात अप्रैल से शुरू हुए दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद से अमेरिकी सेना और ईरान के बीच गोलीबारी नहीं हुई है। हालांकि युद्धविराम के समय को बढ़ा दिया गया है और ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है। वहीं ईरान के तेल टैंकर को समुद्र में जाने से रोकने के लिए अमेरिका की नाकाबंदी जारी है।

## कांग्रेस को केरल में जीत की उम्मीद

# सीएम का फैसला आलाकमान करेगा: अनवर

## वेणुगोपाल सीएम बनना चाहते हैं तो तय प्रक्रिया से गुजरना होगा

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम/दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर ने शुक्रवार को कहा कि अगर पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल केरल के मुख्यमंत्री बनने में रुचि रखते हैं तो विधानसभा चुनाव में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की जीत होने पर उन्हें आवश्यक प्रक्रिया से गुजरना होगा। केरल के पूर्व प्रभारी और बिहार के कटिहार निर्वाचन क्षेत्र से सांसद अनवर दिल्ली के एक टीवी चैनल से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने विश्वास जताया कि यूडीएफ केरल में जीत हासिल करेगा और एग्जिट



*तारिक अनवर*



*के.सी. वेणुगोपाल*

पोल से यह स्पष्ट है। अनवर ने कहा, जीत में कोई संदेह नहीं है।

उन्होंने कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में पूछे जाने पर कहा कि पार्टी का आलाकमान ही 'सत्ता संभालने के लिए उपयुक्त व्यक्ति' का चयन करेगा।

अनवर ने प्रक्रिया का विवरण देते हुए कहा कि आलाकमान एक पर्यवेक्षक नियुक्त करेगा, जो विधायक दल की बैठक बुलाएगा और अगर चर्चा के बाद मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर सहमति बन जाती है, तो इसकी सूचना अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आलाकमान अंतिम निर्णय लेगा। यह पूछने पर कि क्या विधानसभा चुनाव न लड़ने के बावजूद वेणुगोपाल मुख्यमंत्री बन सकते हैं, इस पर अनवर ने कहा कि अगर कांग्रेस के महासचिव (संगठन) इच्छुक हैं, तो उन्हें आवश्यक प्रक्रिया का पालन करना होगा। उन्होंने कहा, अगर विधायक दल, आला कमान को अंतिम निर्णय लेने का अधिकार देता है, तो इस पर विचार किया जाएगा।

### बांग्लादेश: भारत के कार्यवाहक राजदूत तलब

**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बधे को तलब किया और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की कुछ टिप्पणियों पर औपचारिक विरोध दर्ज कराया। यूएनबी समाचार सेवा के अनुसार, एक अधिकारी ने बताया कि महानिदेशक (दक्षिण एशिया) इशरत जहां ने गुरुवार को भारतीय राजनयिक को बांग्लादेश का पक्ष बताया। सरमा ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा था कि असम में 20 विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया और उन्हें बांग्लादेश वापस भेज दिया गया।

## ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस का अहम फैसला

# दिल्ली-NCR में 21 से 23 मई तक चक्का जाम

- NGT टैक्स बढ़ोतरी और BS-4 बैन का विरोध

बेधड़क | नई दिल्ली

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के परिवहन संगठनों ने 21 मई से 23 मई तक सांकेतिक चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। यह फैसला ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की एक बैठक में लिया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न ट्रांसपोर्ट यूनियनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक में केंद्र के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग और दिल्ली सरकार द्वारा NGT टैक्स में भारी बढ़ोतरी तथा BS-4 कमर्शियल वाहनों पर 1 नवंबर 2026 से प्रस्तावित प्रतिबंध का कड़ा विरोध किया गया। संगठनों का कहना है कि इन फैसलों से ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पर गंभीर असर पड़ेगा और हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। संगठनों ने स्पष्ट किया कि 21 से 23 मई तक होने वाला चक्का जाम सांकेतिक होगा। लेकिन इस दौरान दिल्ली-NCR में माल परिवहन सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित होने की आशंका है। ट्रांसपोर्ट संगठनों ने सरकार से मांग की है कि NGT टैक्स वृद्धि पर पुनर्विचार किया जाए और BS-4 वाहनों पर प्रतिबंध लागू करने से पहले उचित समय, सब्सिडी और वैकल्पिक समाधान उपलब्ध कराए जाएं।



*फाइल फोटो*

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (AIMTC) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरीश सभरवाल ने ट्रांसपोर्ट सेक्टर की प्रमुख चिंताएं से अवगत करते हुए कहा कि CAQM की सिफारिश के अनुसार, जो ट्रक दिल्ली में न तो लोड करते हैं और न ही अनलोड, बल्कि सिर्फ दिल्ली को एक कॉरिडोर की तरह पार करके दूसरे राज्यों में माल लेकर जाते हैं, उन्हें ईस्टर्न और वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर भेजने के लिए इस शुल्क में बढ़ोतरी का सुझाव दिया गया था। इसका AIMTC ने भी समर्थन किया था। ECC बढ़ाने का उद्देश्य केवल उन ट्रकों को हतोत्साहित करने का था, जो बिना किसी काम के दिल्ली से ट्रांजिट होकर गुजरते हैं। यह व्यवस्था सिर्फ ट्रांजिट वाहनों पर लागू होनी थी, न कि दिल्ली में सामान लाने-ले जाने वाले वाहनों पर, जो दिल्ली की अर्थव्यवस्था को सुचारु बनाने और यहां के निवासियों के लिए आवश्यक सामान लाने और ले जाने का कार्य करते हैं।




### बंगाल के 'बाबू' और सूटकेस की पैकिंग!

#### दीदी का किला या कमल की खिलावट? बाबुओं ने शुरू की 'सेफ लैंडिंग' की तलाश!

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल्स ने कोलकाता से दिल्ली तक हलचल मचा दी है। गलियारों में चर्चा है कि राज्य के कई रसूखदार नौकरशाहों ने दो फाइलें तैयार रखी हैं- एक 'मां-माटी-मानुष' के लिए और दूसरी 'जय श्री राम' के लिए। कुछ सीनियर अधिकारी तो अभी से उन भाजपा नेताओं को फोन घुमा रहे हैं, जिन्हें कल तक वे पहचानते भी नहीं थे। सुगबुगाहट है कि अगर सत्ता बदली, तो कई 'खास' चेहरों की छुट्टी तय है। इसी डर से बंगाल के सचिवालय 'नबन्ना' में आजकल फाइलों से ज्यादा भविष्य की चर्चा हो रही है। वैसे ब्यूरोक्रेसी के सूत्रों की मानें तो संभावित बदलाव से ब्यूरोक्रेसी भी खुश ही है!




### दक्षिण में 'थलापति' की एंट्री से 'उदय' परेशान!

#### 'लियो' का पॉलिटिक्स में दहाड़ना, द्रविड़ किलों में क्यों बढ़ा रहा है पसीना?

तमिलनाडु में अभिनेता विजय (थलापति) की पार्टी TVK ने एग्जिट पोल्स में जो खेल दिखाया है, उसने DMK के युवराज के माथे पर बल ला दिए हैं। चर्चा है कि चेन्नई के एक आलीशान होटल में कल रात हुई गुप्त बैठक में रणनीतिकारों ने माना कि 'थलापति' ने युवाओं का वह वोट बैंक काट लिया है जिसे सत्ताधारी दल अपना जागीर समझता था। चर्चा तो यह भी है कि फिल्म स्टार को रोकने के लिए अब पुराने 'फिल्मी फॉर्मूलों' का सहारा लिया जा रहा है ताकि गठबंधन के साथी छिटकने न पाएं। चेन्नई के पोयस गार्डन से लेकर मरीना बीच तक बस एक ही सवाल तैर रहा है कि क्या विजय की 'लियो' वाली दहाड़ वाकई द्रविड़ किलों की नींव हिला देगी। सूत्र बताते हैं कि उदय के रणनीतिकारों ने अब जवाबी हमले के लिए 'सिनेमा बनाम सेवा' का नया नैरेटिव तैयार किया है ताकि थलापति के ग्लैमर को प्रशासनिक अनुभव से घेरा जा सके!



### मुख्यमंत्री हिमंत का 'प्रमोशन' पक्का?

#### गुवाहाटी की सीमाएं लांघ असम का 'ब्रांड' अब दिल्ली की ओर!

दिल्ली और असम के सियासी गलियारों में जबरदस्त चर्चा है कि असम में भाजपा की मजबूत वापसी के संकेतों ने हिमंत बिस्वा सरमा को एक क्षेत्रीय नेता से ऊपर उठाकर एक 'नेशनल ब्रांड' बना दिया है। आजकल दिल्ली के पावर सर्किल्स में चर्चा है कि हिमंत का आक्रामक अंदाज और हिंदुत्व का स्पष्ट नैरेटिव अब असम की सीमाओं को लांघकर पूरे देश के युवाओं और कैडर में अपनी पैठ बना चुका है। गलियारों में सुगबुगाहट है कि उनकी इसी बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें केंद्र में किसी बड़े 'ट्रबलशूटर' मंत्रालय या संगठन में ऐसी भूमिका दी जा सकती है जो सीधे 2029 की जमीन तैयार करे। कहा जा रहा है कि नागपुर से भी उनके नाम पर 'ग्रीन सिग्नल' मिल चुका है, लेकिन क्या हिमंत खुद अपनी उस 'मुख्यमंत्री की कुर्सी' को छोड़ने को तैयार होंगे, जहां वे बेताज बादशाह की तरह राज करते हैं?



### बंगाल में 'स्ट्रॉन्ग रूम' या 'सियासी सस्पेंस' रूम?

#### 'दीदी' की मिडनाइट रेड, जब उड़ गई ममता की नींद!

कल रात कोलकाता की सड़कों पर जो हुआ, उसने किसी सस्पेंस फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया। चर्चा है कि जब एग्जिट पोल्स में दीदी का किला दरकता दिखा तो अचानक 'स्ट्रॉन्ग रूम' में गड़बड़ी के सपने आने लगे। आधी रात को खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पहुंचना और घंटों वहां जमे रहना सत्ता के गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। गलियारों में दबी जुबान में चर्चा है कि यह 'स्ट्रॉन्ग रूम' का डर नहीं बल्कि 4 मई को आने वाले नतीजों का खौफ है, जो दीदी को चैन से बैठने नहीं दे रहा। उधर भाजपा के कैंप में चुटकी ली जा रही है कि जब जनता का वोट हाथ से निकल जाता है तो अक्सर 'मशीनें' और 'अधिकारी' ही विलेन नजर आते हैं!



### प्रवक्ता' जी का मेकअप और न्यूज रूम का 'टशन'!

#### डिबेट से ज्यादा 'ड्रेस' की चिंता, जब प्रवक्ता जी ने प्राइम टाइम के लिए बदला अपना स्टाइलिस्ट!

एक प्रमुख दल के युवा प्रवक्ता इन दिनों राजनीति से ज्यादा अपनी 'ब्रांडिंग' को लेकर चर्चा में हैं। ऐसी चर्चा है कि उन्होंने बाकायदा एक पेशेवर स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट रखा है, जो उन्हें टीवी डिबेट से पहले 'कैमरा रेडी' बनाता है। साहब आंकड़ों पर तो कम होमवर्क करते हैं, लेकिन 'लो-एंगल' शॉट और 'लाइटिंग' पर कैमरामैन को निर्देश जरूर देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि अब 'तर्क' से ज्यादा 'लुक' मायने रखने लगा है। मुद्दा भले ही गायब हो, पर कुर्ता 'क्रीजलेस' होना चाहिए भाई साहब!

संकलन: संदीप मिश्रा

## खेल हलचल

### डेम्पो स्पोर्ट्स ने RUFC को हराया



**बेधड़क, जयपुर।** ।राजस्थान यूनाइटेड FC को अपने हालिया इंडियन फुटबॉल लीग मुकाबले में डेम्पो स्पोर्ट्स क्लब के खिलाफ 0-1 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। नामधारी फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए इस मैच में अनुशासित और जोरदार प्रदर्शन के बावजूद टीम अपने मौकों को गोल में नहीं बदल पाई, जबकि विरोधी टीम ने एक निर्णायक मौके का फायदा उठाया। अब राजस्थान यूनाइटेड FC 8 मई को कल्याणी स्टेडियम में डायमंड हार्बर FC के खिलाफ मैच खेलेगी। सहायक कोच विकास रावत ने मैच के बाद कहा कि यह हमारे लिए निराशाजनक नतीजा है, खासकर खिलाड़ियों की मेहनत को देखते हुए। हमारे पास मौके थे, लेकिन हम उनका लाभ नहीं उठा पाए। क्लब के चेयरमैन केके टांक ने कहा कि इस तरह के नतीजे कठिन होते हैं, लेकिन ये फुटबॉल का हिस्सा हैं। मुझे टीम और कोचिंग स्टाफ पर पूरा भरोसा है कि वे वापसी करेंगे।

### सेंट जेवियर स्कूल 3 विकेट से जीती



**बेधड़क, जयपुर।** कन्नी थारियामल अखिल भारतीय अंतर-स्कूल खेल प्रतियोगिता में संस्कार क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर सेंट जेवियर स्कूल ने वर्धमान श्रीकल्याण स्कूल को 3 विकेट से हराया। वर्धमान स्कूल ने 15 ओवर में 8 विकेट पर 94 रन बनाए, जिसमें अक्षत मीणा ने 19 रन बनाए। जवाब में सेंट जेवियर ने 12.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। फलक भौकाल ने 11 गेंदों में 21 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। एक अन्य मैच में नीरजा मोदी स्कूल ने ब्राइट फ्यूचर स्कूल को 40 रन से हराया। नीरजा मोदी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 132 रन बनाए, जिसमें विरल (47) और हर्ष पारवानी (35) का अहम योगदान रहा।

### राजस्थान तैराकी संघ की साधारण सभा की बैठक कल शाहपुरा में

**जयपुर।** राजस्थान तैराकी संघ की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 3 मई को शाहपुरा, जिला भीलवाड़ा स्थित तरणताल पर किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक सुबह 11:00 बजे शुरू होगी। इस महत्वपूर्ण सभा में प्रदेश की समस्त जिला इकाइयों को आमंत्रित किया गया है, जहां प्रत्येक इकाई से दो-दो प्रतिनिधि सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता दर्ज करेंगे। बैठक के मुख्य एजेंडे में वित्तीय पारदर्शिता और आगामी खेल सत्र की रूपरेखा तैयार करना शामिल है। सभा के दौरान वर्ष 2025-26 के अंकेक्षित लेखों को प्रस्तुत कर उन्हें पारित किया जाएगा।

## आईपीएल: डीसी ने राजस्थान को 7 विकेट से रौंदा

# रॉयल्स की घर में दूसरी हार



**बेधड़क** | जयपुर


केएल राहुल के शानदार 75 (40गेंद, 4x6, 5x6) पथुम निसांका 62 (33गेंद, 4x6, 6x3) की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को मेजबान राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से पराजित किया। ओपनर्स ने पहले विकेट के लिए 110 रन जोड़े।

राजस्थान ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 225 रन बनाए। जवाबी पारी में दिल्ली ने 19.1 ओवर में 3 विकेट पर 226 रन बनाए। छठे ओवर की दूसरी बॉल पर केएल राहुल 75 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने डोनेवान फरेरा के हाथों कैच कराया। नीतीश राणा (33 रन) को तुषार देशपांडे ने पवेलियन भेजा। पाथुम निसांका (62 रन) को रवींद्र जडेजा ने पगबाधा आउट किया। यहां निसांका ने रिव्यू भी लिया, लेकिन अंपायर्स का फैसला नहीं बदला।

15वें ओवर की तीसरी बॉल पर नीतीश राणा 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तुषार देशपांडे ने विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। इससे पूर्व कप्तान रियान पराग ने 50 गेंदों में 90 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें आठ चौके और पांच छक्के शामिल है। डोनोवन फरेरा ने 14 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। राजस्थान की शुरुआत खराब रही और शुरुआती दो विकेट जल्दी गिर गए। इसके बाद पराग ने ध्रुव जुरेल (42 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 102 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला। पराग ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

जुरेल के आउट होने के बाद भी पराग ने रन गति बनाए रखी और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि, उनकी पारी का अंत मिचेल स्टार्क ने किया, जिन्होंने तीन विकेट लिए।

### फ्लड लाइट बंद हुई



राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली मैच के दौरान 16वें ओवर में अचानक एक फ्लड लाइट बंद हो गई। उस सयम स्टब्स और आशुतोष विकेट पर थे और मेहमान टीम 200 के पास खेल रही थी। इससे पांच मिनट तक मैच रुका रहा। इसके बाद इसे ठीक किया गया और मैच फिर से शुरु हुआ।

### मुख्य सचिव ने भी देखा मैच

राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने भी सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच देखा। इस अवसर पर रॉयल्स के चेयरमैन रणजीत बर ठाकुर भी उपस्थित थे।

### रियान शतक, जुरेल-फरेरा फिफ्टी चूके

कप्तान रियान पराग ने 90 रन की पारी खेली। 50 बॉल की पारी में रियान ने 8 चौके और 5 छक्के लगाए। उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ शतकीय साझेदारी की। जुरेल ने 42 रन बनाए। आखिरी डोनोवान फरेरा ने 14 बॉल पर 6 छक्कों के सहारे नाबाद 47 रन बनाए। दिल्ली की ओर से मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट झटके। काइल जैमिसन, अक्षर पटेल और टी नटराजन को एक-एक विकेट मिला।



फोटो: पंकज शर्मा

## सिंघानिया विश्वविद्यालय में होगा आयोजन

# तीसरी एशियन पैरा थ्रोबॉल टूर्नामेंट मार्च 2027 में होगा




**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के खेल इतिहास में पहली बार वर्ष 2027 में आयोजित होने वाली तीसरी एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी का अवसर राजस्थान को मिला है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता राजस्थान-हरियाणा बोर्डर स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय में अगले साल मार्च में आयोजित की जाएगी, जिससे राज्य को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। यह सब विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ (WPTF) की अध्यक्ष निर्मला रावत के प्रयासों से संभव हो पाया है। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन के लिए आधिकारिक एमओयू (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। WPTF अध्यक्ष निर्मला रावत ने स्वयं इस समझौते की कमान संभाली। उनके साथ महासचिव डॉ. वी. अल्बर्ट प्रेमकुमार और सिंघानिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने आगामी प्रतियोगिता की रूपरेखा पर सहमति जताई। निर्मला रावत ने बताया कि यह चैंपियनशिप केवल एक खेल आयोजन ही नहीं होगा, बल्कि एशिया में समावेशी खेलों को बढ़ावा देने का एक बड़ा मंच भी बनेगा।

### पुलिस एंड फायर गेम्स व थ्रोबाल संघ में एमओयू

इस अवसर पर पुलिस फायर गेम्स के अध्यक्ष बी एल सोनी ने कहा कि हमने भी थ्रोबाल संघ से एक एमओयू किया है। इसके तहत हम पुलिस के पैरा खिलाड़ियों को थ्रोबाल की ट्रेनिंग दिलाएंगे और एक टीम तैयार करेंगे ताकि वे भी विभिन्न टूर्नामेंट में भाग ले सके। इसके अलावा हम जूडो और बाक्सिंग संघ खेलों को भी बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे है। बाक्सिंग के लिए ओलंपियन विजेन्द्र सिंह से बात कर रहे है।

### राजस्थान के विशाल ने जीता कांस्य

**बेधड़क** | जयपुर

भूटान में आयोजित साउथ एशिया बॉडी बिल्डिंग एंड मेन्स फिजिक चैंपियनशिप में राजस्थान के बॉडी बिल्डर विशाल सिंह रावत ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। राजस्थान बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन यादव ने बताया कि अजमेर के रहने वाले विशाल सिंह रावत इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुके हैं और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

---

# बिजनेस बेधड़क



**सर्राफा**

| सोना शुद्ध | जेवराती सोना | चांदी |
|---|---|---|
| 1,53,000 (यथावत) | 1,43,100 (यथावत) | 2,47,000 (+2,000) |

## जरूरी खबर

### विदेश से धन की आवक पर कोई असर नहीं: RBI

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद भारत में विदेश से आने वाले धनप्रेषण पर कोई बड़ा असर पड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश का भुगतान संतुलन फिलहाल मजबूत और "संतोषजनक" स्थिति में बना हुआ है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने बताया कि भारत को हर साल 135 अरब डॉलर से अधिक धन विदेशों से प्राप्त होता है और यह प्रवाह लगातार बढ़ रहा है। कोविड-19 जैसी वैश्विक आपदाओं के दौरान भी इसमें केवल मामूली गिरावट देखी गई थी। डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता कहा कि अब भारतीय प्रवासियों का भौगोलिक और रोजगार क्षेत्र काफी विविध हो गया है, जिससे किसी एक क्षेत्र में संकट का असर पूरे धनप्रवाह पर नहीं पड़ता। पश्चिम एशिया का हिस्सा भी अब घटकर लगभग 40 प्रतिशत रह गया है।

## कमर्शियल सिलेंडर महंगा: होटल-रेस्टोरेंट से लेकर मजदूर की रसोई तक असर

# मेन्यू छोटा... अब हर निवाला महंगा

**बेधड़क** | जयपुर

मजदूर दिवस पर आम जनता को महंगाई का बड़ा झटका लगा है। कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 993 रुपए की भारी बढ़ोतरी के बाद इसकी कीमत 2106 रुपए से बढ़कर 3099 रुपए हो गई है, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। इसका सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर पड़ेगा, जहां खाना बनाना महंगा हो जाएगा और ग्राहकों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी। कई जगहों पर बढ़ती लागत के कारण मेन्यू में कटौती भी की जा रही है। वहीं 5 किलो का छोटा सिलेंडर भी 241.50 रुपए महंगा होकर 833 रुपए का हो गया है, जिससे छात्रों और मजदूरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 916.50 रुपए पर स्थिर है। इस बढ़ोतरी से शादी-ब्याह और अन्य आयोजनों का बजट भी प्रभावित होगा। कुल मिलाकर महंगाई की यह मार आम लोगों और छोटे कारोबारियों पर भारी पड़ रही है।




### घरेलू सिलेंडर की कीमत यथावत

हालांकि राहत की बात यह है कि घरेलू उपयोग वाले 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत 916.50 रुपए पर यथावत रखी गई है, जिससे आम घरों को फिलहाल सीधे असर से राहत मिली है। वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान तनाव के चलते एलपीजी आपूर्ति और कीमतों पर असर पड़ा है, जिसका सीधा प्रभाव भारत में भी देखने को मिला है। तेल कंपनियों ने कीमतों में यह अब तक की सबसे बड़ी बढ़ोतरी मानी है।

### इस साल 1490 रुपए की बढ़ोतरी

इस साल अब तक कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कुल 1490 रुपए की बढ़ोतरी हो चुकी है। जनवरी से लेकर मई तक लगातार बढ़ोतरी ने कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है।

### होटल-रेस्टोरेंट में खाना होगा महंगा

होटल और रेस्टोरेंट सेक्टर में अब खाने-पीने की चीजें महंगी होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं स्ट्रीट वेंडर्स और छोटे व्यापारियों के लिए यह स्थिति और मुश्किल भरी हो गई है। अगर मांग और आपूर्ति में असंतुलन बढ़ा तो कालाबाजारी की आशंका भी जताई जा रही है। कुल मिलाकर मजदूर दिवस पर आई यह कीमतों की मार आम जनता और छोटे कारोबारियों के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है।

### बजट होगा प्रभावित

ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रवि जिंदल ने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से शादियों का बजट प्रभावित होगा। होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में उपयोग होने वाला सिलेंडर महंगा होने से खाने की लागत बढ़ेगी और कई जगह मेन्यू भी कम किया जा रहा है। इसका सीधा असर शादी समारोहों के खर्चों पर पड़ेगा और आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा।

### महंगाई का असर

जयपुर व्यापार महासंघ के महामंत्री सुरेश सैनी ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से आने वाले विवाह के आयोजनों पर महंगाई का सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि बड़े सिलेंडर के साथ छोटे गैस सिलेंडर की कीमतें भी बढ़ाई गई हैं, जिससे होटल, रेस्टोरेंट और आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा और महंगाई की मार और अधिक महसूस होगी।

## बाजार हलचल

### मुहाना मंडी में रंग-बिरंगे आड़ू की आवक शुरू



**जयपुर।** जयपुर की मुहाना मंडी इन दिनों रंग-बिरंगे आड़ओं से गुलजार हो उठी है। एशिया की सबसे बड़ी फल-सब्जी मंडियों में शुमार इस मंडी में आड़ू की आवक ने कारोबारियों और खरीदारों दोनों के चेहरे खिला दिए हैं। ताजा, रसदार और खुशबूदार आड़ू की खेप दूर-दराज के पहाड़ी इलाकों से यहां पहुंच रही है, जिससे मंडी का नजारा किसी फल मेले से कम नहीं लग रहा।

### मंडी में ज्यादा आवक हिमाचल प्रदेश से

जयपुर फल एवं सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष योगेश तंवर ने बताया कि सबसे ज्यादा आड़ू हिमाचल प्रदेश आता है। खासतौर पर सिरमौर जिले की राजगढ़ घाटी से, जिसे "पीच बाउल ऑफ एशिया" कहा जाता है। इसके अलावा उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों से भी अच्छी सप्लाई देखने को मिलती है। वहीं पंजाब और हरियाणा के मैदानी इलाकों से शर्बती और प्रताप जैसी शुरुआती किस्में मंडी में पहुंच रही हैं। जम्मू और कश्मीर के कुलगाम जैसे क्षेत्रों से भी आड़ू की खेप आ रही है।

### जून तक आड़ू का सीजन

आमतौर पर आड़ू का सीजन अप्रैल से जून तक रहता है और अभी इसकी आवक ने रफ्तार पकड़ ली है। हालांकि शुरुआत में कीमतें थोड़ी ऊंची बनी हुई हैं। फिलहाल मंडी में आड़ू का थोक भाव 50 से 65 रुपए प्रति किलो के बीच चल रहा है और यह 10 किलो के कैरेट में बिक रहा है।

### जयपुर व्यापार महासंघ की निगम उपायुक्त के साथ चर्चा



**जयपुर।** शहर की सफाई और अतिक्रमण व्यवस्था को लेकर नगर निगम जयपुर के उपायुक्त सतर्कता, अजय कुमार शर्मा के साथ जयपुर व्यापार महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक एम.आई. रोड स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में बाजारों में बढ़ते अस्थायी अतिक्रमण और उससे बाधित हो रहे यातायात पर विस्तार से चर्चा की गई। शर्मा ने स्पष्ट किया कि शहर में सभी अतिक्रमणों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रह सके। बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि कार्रवाई संतुलित और व्यवस्थित तरीके से हो, जिससे व्यापार प्रभावित न हो। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल व महामंत्री सुरेश सैनी ने निगम को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में किशनपोल, गणगौरी बाजार, संजय बाजार सहित अन्यू व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वस्तु एवं सेवा कर कलेक्शन 8.7% बढ़कर करीब 2.43 लाख करोड़ रुपए

# अप्रैल महीने में जीएसटी संग्रह ने बनाया नया कीर्तिमान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश की अर्थव्यवस्था के लिए उत्साहजनक संकेत देते हुए अप्रैल महीने में वस्तु एवं सेवा कर (GST) संग्रह ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जीएसटी कलेक्शन 8.7 प्रतिशत बढ़कर करीब 2.43 लाख करोड़ रुपए के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले अप्रैल 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपए का सर्वकालिक उच्च स्तर दर्ज किया गया था। आंकड़ों के अनुसार इस बार वृद्धि में आयात से मिलने वाले राजस्व का बड़ा योगदान रहा, जिसने घरेलू लेनदेन से मिलने वाले संग्रह को भी पीछे छोड़ दिया। अप्रैल में घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 4.3 प्रतिशत बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.8 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी के साथ 57,580 करोड़ रुपए तक पहुंच गया।




कर संरचना की बात करें तो केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) से 52,140 करोड़ रुपए और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) से 61,331 करोड़ रुपए का संग्रह हुआ। वहीं एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) से 1.29 लाख करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व मिला। इस दौरान रिफंड भी 19.3 प्रतिशत बढ़कर 31,793 करोड़ रुपए हो गया। रिफंड समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.11 लाख करोड़ रुपए रहा।

### 7-8 प्रतिशत की वृद्धि बजट अनुमानों के अनुरूप

विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी सुधारों के बाद कर संग्रह में स्थिर बढ़ोतरी अब सामान्य रुझान बनती जा रही है। प्राइस वाटरहाउस एंड कंपनी एलएलपी के साझेदार प्रतीक जैन के अनुसार मासिक संग्रह में 7-8 प्रतिशत की वृद्धि बजट अनुमानों के अनुरूप है। हालांकि उन्होंने आयात आधारित राजस्व में तेज बढ़ोतरी को घरेलू मांग में हल्की नरमी का संकेत भी बताया।

### 'मेक इन इंडिया' की मजबूती पर जोर

वहीं डेलॉयट इंडिया के महेश जयसिंह का कहना है कि आयात से जुड़े कर में तेज उछाल वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापारिक मजबूती को दर्शाता है। ईवाई इंडिया के सौरभ अग्रवाल ने इसे सकारात्मक संकेत बताते हुए 'मेक इन इंडिया' को और मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। सितंबर 2025 से लागू जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें घटाई।

गांधी नगर में राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति बोर्ड का उद्घाटन

# चिकित्सा सेवा में जब व्यवसाय बढ़ता है तो जन विश्वास घटता है

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को गांधी नगर स्थित एम-8 में राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति बोर्ड के कार्यालय और प्रशासनिक परिसर का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम का भी बटन दबाकर शुभारंभ किया। डॉ. देवनानी ने इस मौके पर बोर्ड के इलेक्ट्रोपैथी न्यूज लेटर के तृतीय संस्करण और आरोग्य मेला पुस्तिका का विमोचन भी किया।



डॉ. देवनानी ने इस मौके पर आयोजित समारोह में कहा कि एलोपैथी, आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक, इलेक्ट्रोपैथी आदि चिकित्सा पद्धतियां भारतीय ऋषियों के हजारों वर्ष पहले के ज्ञान और शोध पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि गणेशजी की सूंड भारत में बहुत पहले से ही शल्य चिकित्सा मौजूद होने का प्रमाण है। डॉ. देवनानी ने कहा कि चिकित्सा की प्रत्येक पद्धति में भारत विश्व गुरु है, विश्व का मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति के पहलुओं की जानकारी नई पीढ़ी को बताएं। डॉ. देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्व में विस्तारित किया है। उसी का परिणाम है कि आज के युवा सुबह-सुबह उद्यानों में स्वप्रेरणा से योग करके अपने मन, मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ बना रहे हैं। डॉ. देवनानी ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र तभी बनेगा, जब हम सभी अपने शरीर को स्वस्थ रखने का संकल्प लेंगे। डॉ. देवनानी ने कहा कि मरीज को ग्राहक न समझें। उन्होंने कहा कि जब चिकित्सा में व्यवसाय बढ़ता है तो जन विश्वास घटता है।

### 114 पौधों से किया जा रहा है उपचार

समारोह में विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि यह पद्धति श्रेष्ठ है। पौधों के रस से इस पद्धति में चिकित्सा होती है। राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में इस चिकित्सा पद्धति का विकास राष्ट्र के लिए लाभदायी है। राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलगुरु प्रो. त्रिभुवन शर्मा ने बताया कि इस पद्धति में अभी 114 पौधों से उपचार किया जा रहा है। इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष हेमन्त सेठिया ने इस चिकित्सा पद्धति को राजस्थान में आरम्भ करने की संघर्ष यात्रा की जानकारी दी। बोर्ड के रजिस्ट्रार एवं आयुर्वेद के निदेशक डॉ. आनन्द कुमार शर्मा ने स्वागत उद्बोधन और आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्पीकर डॉ. देवनानी ने कार्यालय निर्माण में सहयोग के लिए भामाशाओं विमला दुग्गड़, रमा गोयल, पिंकी सेठिया, सर्वेश्वर शर्मा और प्रवीण शर्मा का माला पहनाकर और तुलसी का पौधा भेंट कर अभिवादन किया।

## City इवेंट्स

### स्पोर्ट्स मीट में MGPS का शानदार प्रदर्शन



**बेधड़क, जयपुर।** नेशनल यूनिवर्सिटी, जगतपुरा में आयोजित सीडीलिंग चैलेंजर कप इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मीट 2026 में एमजीपीएस विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शानदार उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में एमजीपीएस की वॉलीबॉल टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक, टीम ट्रॉफी एवं 8000 रुपए नगद पुरस्कार प्राप्त किया। टीम के खिलाड़ी हर्षित शर्मा को पूरे टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जिन्हें 1500 रुपए नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक, टीम ट्रॉफी एवं 5000 रुपए नगद पुरस्कार हासिल किया। वहीं टेबल टेनिस टीम ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन कर रजत पदक अपने नाम किया। कराटे प्रतियोगिता में एमजीपीएस की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक जीते। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### निसंतान दंपती को 20 साल बाद 'गुड न्यूज'

**बेधड़क, जयपुर।** बीस साल से निसंतानता का दंश झेल रहे दंपती के आंगन में किलकारियां गूंजीं तो खुशियों से आंगन भर गया। दंपती को यह गुड न्यूज मिली विवेक विहार, न्यू सांगानेर रोड स्थित ऋतु आईवीएफ के कारण। गौरतलब है कि दिल्ली निवासी दंपती देवकी और सुरेंद्र को शादी के बाद लंबे समय तक संतान सुख नहीं मिला। कई तरह के उपचार कराए और अपने शहर में चार बार आईवीएफ भी करवाया, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। संतान की लगभग उम्मीद छोड़ चुकी देवकी की बहन ने उन्हें जयपुर के विवेक विहार, न्यू सांगानेर रोड स्थित ऋतु आईवीएफ के बारे में जानकारी दी। इसके बाद देवकी और सुरेंद्र ने वहां उपचार लेने का निर्णय लिया। यहां आईवीएफ एक्सपर्ट डॉ. ऋतु अग्रवाल के मार्गदर्शन में दंपती का उपचार शुरू हुआ। सही परामर्श और देखरेख के चलते दंपती का पहला ही आईवीएफ सफल रहा। हाल ही में 45 वर्षीय देवकी ने एक बेटे को जन्म दिया है, जिससे पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।

### हापुस आम की विशेष प्रदर्शनी शुरू




**बेधड़क, जयपुर।** राजापार्क स्थित भाटिया भवन में रत्नागिरी के अल्फांसो (हापुस) आम की विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। रत्नागिरी अल्फांसो हापुस मैंगो फार्मर संगठन की ओर से लगाई गई यह प्रदर्शनी 4 मई तक चलेगी। आयोजक अनिल पंवार ने बताया कि यहां जयपुराइट्स सीधे किसानों से ताजे, शुद्ध और उच्च गुणवत्ता वाले हापुस आम खरीद सकेंगे। साथ ही उन्हें आम की विभिन्न किस्में और क्वालिटी भी देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि जयपुर से पहले यह प्रदर्शनी ग्वालियर, भोपाल, इंदौर और खंडवा में भी आयोजित की जा चुकी है, जहां लोगों ने इसे काफी सराहा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जयपुर के लोगों को सीधे किसानों से जोड़ना और उन्हें असली एवं गुणवत्तापूर्ण अल्फांसो आम उपलब्ध कराना है।

### खण्डेलवाल कम्युनिटी की शुरुआत



**बेधड़क, जयपुर।** खण्डेलवाल समाज के उद्यमियों ने वीकेआई स्थित रिक्रिएशन क्लब में खण्डेलवाल कम्युनिटी जयपुर चैप्टर की शुरुआत की। कम्युनिटी का मुख्य उद्देश्य समाज के सदस्यों के बीच प्रेम, समन्वय एवं सहयोग की भावना को मजबूत करना तथा एक साझा मंच के माध्यम से पारस्परिक विकास को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान फाउंडर्स सौरभ खण्डेलवाल, राजकुमार दुसाद, हरिशंकर केदावत एवं सुनील महरवाल ने कहा कि खण्डेलवाल कम्युनिटी जयपुर चैप्टर समाज के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में खण्डेलवाल समाज के लगभग 30 प्रमुख उद्यमियों ने हिस्सा लिया। फाउंडर सौरभ खण्डेलवाल ने बताया कि यह पहल समाज को नई दिशा, नई ऊर्जा एवं मजबूत एकता प्रदान करेगी।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन: VGU में विशेषज्ञों ने किया मंथन

# नैतिक समाधान के लिए विषयों के समन्वय पर जोर



*हर्षिता शर्मा, बूला चौधरी, दीपाली सिंह, एमआर बागरिया, डॉ. शशि चौधरी, प्रो. नावेद अहमद अंसारी, प्रो. एनडी माथुर और डॉ. ललित के. पंवार।*

**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'इनोवेटिव मल्टीडिसिप्लिनरी एप्रोचेज टू ग्लोबल चैलेंजेज: सस्टेनेबिलिटी, इक्विटी एंड एथिक्स इन अ रैपिडली ट्रांसफॉर्मिंग वर्ल्ड' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का पहला दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए बहुविषयक दृष्टिकोण पर जोर दिया गया।



*डॉ. ललित के. पंवार।*



*प्रो. एनडी माथुर।*

कार्यक्रम की शुरुआत गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर प्रेसीडेंट प्रो. (डॉ.) एनडी माथुर, प्रो-प्रेसीडेंट प्रो. डीवीएस भगवाणुलु, पैट्रन एमआर बगारिया (सेवानिवृत्त आईएएस), चेयरपर्सन डॉ. ललित के. पंवार (सेवानिवृत्त आईएएस), एसोसिएट डीन डॉ. बूला चौधरी, विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा यादव, कॉन्फ्रेंस चेयरपर्सन डॉ. हर्षिता शर्मा और प्रो. दीपाली सिंह, कीनोट स्पीकर डॉ. शशि चौधरी (ब्रिटिश यूनिवर्सिटी, वियतनाम) तथा मुख्य अतिथि प्रो. मोहम्मद नफीस अहमद अंसारी (अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी) मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. (डॉ.) एनडी माथुर ने विश्वविद्यालय में ट्रांसडिसिप्लिनरी लर्निंग पर विशेष जोर देते हुए कहा, 'हमारे विश्वविद्यालय में तकनीक, विज्ञान और विधि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थी मिलकर वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान खोजते हैं। यह सम्मेलन सतत, समान और नैतिक समाधान विकसित करने के लिए विभिन्न विषयों के समन्वय पर बल देता है।'



*एमआर बगारिया।*

### सम्मेलन स्मारिका का भी विमोचन

डॉ. ललित के. पंवार (सेवानिवृत्त आईएएस) ने तकनीकी प्रगति में नैतिकता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, 'आज के वैश्विक संघर्षों से भरे दौर में यदि तकनीक के साथ मानवीय संवेदनाएं नहीं जुड़ी हों, तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। यह सम्मेलन समग्र और बहुविषयक विकास को बढ़ावा देने का प्रयास है, जिससे विद्यार्थी संतुलित व्यक्तित्व के रूप में विकसित हो सकें।' कार्यक्रम के दौरान 'आईएमएएसईई 2026' शीर्षक से सम्मेलन स्मारिका का भी विमोचन किया गया। सत्र का समापन औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसने वैश्विक अकादमिक संवाद की सार्थक शुरुआत को रेखांकित किया।

### रीको में खुला 'अमृतम् जल सेवा मंदिर'



**बेधड़क, जयपुर।** मजदूर दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान की ओर से सीतापुरा स्थित रीको औद्योगिक क्षेत्र में 'अमृतम् जल सेवा मंदिर' का शुभारंभ किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष सेवानिवृत्त आरएएस एन.एल. वर्मा ने कहा कि मजदूर दिवस पर श्रमिकों के सम्मान और बुद्ध पूर्णिमा के करुणा, सेवा एवं मानवता के संदेश को आत्मसात करते हुए यह जल सेवा मंदिर समाज के लिए एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की उपलब्धता सबसे बड़ी जरूरत होती है, ऐसे में यह प्रयास जरूरतमंदों के लिए राहत लेकर आया है। इस दौरान स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ आचार्य, चिकित्सक एवं ट्रस्ट सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा 'अमृतम् जल सेवा मंदिर' तीन स्थानों - चेतक मार्ग, इंडिया गेट और एनएवी सर्किल, सीतापुरा पर स्थापित किए जा चुके हैं। प्रत्येक केंद्र पर प्रतिदिन आरओ का शुद्ध पानी मटकों में भरवाया जाता है तथा पानी पिलाने के लिए अलग से व्यक्ति की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक ओम प्रकाश पोद्दार, ओच्चित्य पोद्दार, दुर्गा वर्मा, कौशल सत्यार्थी, धर्मपाल, धर्मेश, दीपिका, लवीना, मनीष, रूपेंद्र और धर्मेन्द्र आलोरिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रमिक उपस्थित रहे।

### AIBPARC के अध्यक्ष पारीक का स्वागत



**बेधड़क, जयपुर।** ऑल इंडिया बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज कन्फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष निर्वाचित होने पर एन. के. पारीक का शुक्रवार सुबह जयपुर आगमन पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सहयोगियों और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने उन्हें माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पुन: निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष के. वी. आचार्य और महासचिव सुप्रिता सरकार सहित अन्य पदाधिकारियों ने पारीक को बधाई दी। जयपुर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में मनोज शर्मा, बी. एस. राठौड़, पदम जैन बिलाला, शिवानंद शर्मा, ललित शर्मा और सीताराम खटीक सहित कई सदस्य मौजूद रहे। वहीं, एआईसीबीआरओएफ दिल्ली के ए. के. नागर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद निर्वाचित होने पर खुशी जताई गई। इस अवसर पर पारीक ने बताया कि सम्मेलन में बैंक कर्मचारी पेंशन विनियम 1995 के तहत पेंशन अद्यतन तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के संगठनों को भारतीय बैंक संघ के साथ वार्ता का अधिकार दिलाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि 28 व 29 अप्रैल 2026 को केरल के एर्नाकुलम नॉर्थ स्थित टाउन हॉल में आयोजित एआईबीपीएआरसी के 5वें त्रैवार्षिक आम सभा सम्मेलन में देशभर के 23 सहयोगी संगठनों के 1500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। इसी सम्मेलन में पारीक को वर्ष 2026-29 के लिए राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गया।

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी | एमबीबीएस इंटर्न बैच का हिप्पोक्रेटिक शपथ ग्रहण समारोह

# चिकित्सा सेवा में नैतिकता और समर्पण के साथ कार्य का संकल्प

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को एमबीबीएस इंटर्न बैच के लिए हिप्पोक्रेटिक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें 150 इंटर्न्स ने चिकित्सा सेवा में नैतिकता, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। यह समारोह उनके शैक्षणिक अध्ययन से पेशेवर चिकित्सा जीवन की ओर बढ़ने का महत्वपूर्ण पड़ाव बना।



समारोह की अध्यक्षता चांसलर डॉ. संदीप बख्शी ने की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा केवल पेशा नहीं, बल्कि मानव जीवन की सेवा का आजीवन संकल्प है, जिसमें ईमानदारी, संवेदनशीलता और समर्पण सर्वोपरि हैं। उन्होंने इंटर्न्स को उच्च नैतिक मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर सभी इंटर्न्स ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे चिकित्सा नैतिकता का पालन करेंगे, रोगियों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे, गोपनीयता बनाए रखेंगे और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे।

कार्यक्रम में प्रो. डॉ. सुधीर भंडारी, प्रो-चांसलर (मेडिकल), डॉ. अमरजीत मेहता, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, जेएनयू अस्पताल तथा मेजर जनरल डॉ. एमएस तेवतिया, प्रिंसिपल एवं कंट्रोलर, जेएनयूआईएमएसआरसी उपस्थित रहे। सभी ने चिकित्सा क्षेत्र में संवेदनशीलता, ईमानदारी और आजीवन सीखने की आवश्यकता पर जोर दिया। समारोह का समापन इंटर्न्स को उनके क्लिनिकल सफर के लिए शुभकामनाएं देते हुए किया गया, जिसमें जिम्मेदार और संवेदनशील चिकित्सा अभ्यास के प्रति उनके संकल्प को दोहराया गया।

## 2025 और 2026 बैच के नव नियुक्त RAS अधिकारियों का स्वागत

# प्रशासनिक सेवा में ईमानदारी और समर्पण ही होती है सबसे बड़ी पूंजी



*कार्यक्रम के दौरान मौजूद आरएएस क्लब के मेंबर।*

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान प्रशासनिक सेवा के नव नियुक्त अधिकारियों का आरएएस क्लब में स्वागत किया गया। इस दौरान संवाद सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने एक्सपीरियंस साझा किए और 2025 और 2026 बैच के अधिकारियों को प्रशासनिक कॅरिअर के लिए मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम का समापन उनके सम्मान में आयोजित रात्रिभोज के साथ हुआ। एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर खराड़ी ने अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा में ईमानदारी और समर्पण ही सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने नव अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह सेवा केवल पद नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जुगल किशोर मीणा, सुनील भाटी, सुरेश यादव, मुकेश कलाल, बलवंत लिगरी, राजेंद्र सिसोदिया, धारा सिंह, दूदाराम, रणजीत बिजारणिया, रवि कुमार और प्रभा व्यास सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सत्र के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अधिकारियों से संवाद करते हुए उनकी सफलता की यात्रा, शैक्षणिक पृष्ठभूमि और अध्ययन संस्थानों पर चर्चा की।



*बलवंत सिंह लिगरी, महावीर खराड़ी, आईएएस जुगल किशोर मीणा, डॉ. प्रभा व्यास, राजेंद्र सिंह शेखावत, मुकेश कुमार कलाल तथा आरएएस क्लब के अन्य सदस्य।*



### शुभम क्लब एजीएम में म्यूजिक से सजी शाम



**बेधड़क, जयपुर।** 'सेलिब्रेटिंग यू... वेयर एवरी मोमेंट रिफ्लेक्ट्स योर लाइट' थीम पर शुभम क्लब की वार्षिक एजीएम मीटिंग 2026-27 का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब की महिलाओं में म्यूजिक, मस्ती और डांस के साथ सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। इस दौरान आयोजित बैठक में 2025-26 के लिए क्लब की बोर्ड टीम को यथावत रखने का निर्णय लिया गया, जिसमें अध्यक्ष प्राची अग्रवाल और सचिव राशि गाड़िया ही आगे भी क्लब का नेतृत्व करेंगी। कार्यक्रम में दोनों पदाधिकारियों ने क्लब की उपलब्धियों, गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सदस्यों को प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थापक सदस्य वृंदा रूंगटा, माला खेतान और सरोज गोयल की उपस्थिति रही। वर्तमान कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पल्लवी पाटनी, संयुक्त सचिव पूजा ढड्डा व उपासना बजाज तथा कोषाध्यक्ष स्नेहा काबरा और सविता पंसारी शामिल हैं। वहीं, निर्देशक मंडल में राधा माहेश्वरी, ज्योति जैन, मोनिका आर्या, वसुंधरा काबरा, राधिका अग्रवाल, शिखा बावरी, मीना काबरा और स्मिता पोद्दार हैं।

### प्रशासनिक व्यवस्था पर तीखा प्रहार



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर रंगमंच के वरिष्ठ कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्थाओं की खामियों पर प्रभावशाली व्यंग्य प्रस्तुत किया। मशहूर अफसाना निगार कृष्ण चंदर की चर्चित कहानी जामुन के पेड़ पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक का रूपांतरण नीरज गोस्वामी द्वारा किया गया तथा निर्देशन गुरमिंदर सिंह पुरी 'रोमी' ने संभाला। प्रस्तुति में एक आम व्यक्ति की कहानी दिखाई गई, जो सचिवालय परिसर में गिरे जामुन के पेड़ के नीचे दब जाता है। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से बचते हुए एक-दूसरे पर दोष मढ़ते नजर आते हैं। वहीं, आम जनता और विपक्षी नेता भी इस स्थिति का अपने-अपने हितों के लिए उपयोग करने से पीछे नहीं रहते। नाटक में नीरज गोस्वामी, ईश्वर दत्त माथुर, राजेंद्र शर्मा 'राजू', मोइनुद्दीन खान, अशोक माहेश्वरी, गुरमिंदर सिंह पुरी 'रोमी', दीपक कथूरिया, मनोज स्वामी, जितेंद्र शर्मा और शायर लोकेश कुमार सिंह 'साहिल' ने प्रभावशाली अभिनय किया। संगीत संयोजन वायलिन पर गुलजार हुसैन ने प्रस्तुत किया, जबकि प्रकाश व्यवस्था अनिल मारवाड़ी और ध्वनि व्यवस्था धनराज दाधीच ने संभाली।

## City इवेंट्स

### जिंदल को थाईलैंड में भारत गौरव अवार्ड



**बेधड़क, जयपुर।** ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रवि जिंदल को होटल होलीडे इन बैंकाक में आयोजित समारोह में भारत गौरव अवार्ड, गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ऑर्गेनाइजेशन फॉर कामर्स एंड इंडस्ट्रीज फॉर्म व एसोसिएशन फॉर इकोनामिक ग्रोथ के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में उन भारतीयों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने स्टार्टअप से लेकर अब तक लगातार व्यावसायिक व सामाजिक क्षेत्र में उन्नति की है। इंडो थाई फ्रेंडशिप एशिया समिट के बैनर तले आयोजित इस सेमिनार में थाईलैंड के प्रोफेसर डॉ. क्रिएंगसाक चारोनवोंगसाक ने उन सभी भारतीयों को सम्मानित किया, जो अपने-अपने क्षेत्र में गुणवत्ता युक्त सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। गौरतलब है कि डॉ. जिंदल भारत के उन सात लोगों में शामिल हैं, जिन्हें इस अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह गर्व की बात है कि पूर्व में भी डॉ. जिंदल को डॉक्टरेट की उपाधि व अटल अचीवमेंट अवार्ड द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

### 2 लाख पंचायतों में लगेंगे CG ऑफिसर




**बेधड़क, जयपुर।** रूरल एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने की दिशा में शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विद्यसी एजुकेशन ने राष्ट्रीय उद्यमी सशक्तिकरण अभियान - नीड और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एनएसडीसी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा मौजूद रहे। इस पहल के तहत राजस्थान की 2 लाख पंचायतों में करियर ग्रोथ ऑफिसर लगाए जाएंगे। मिशन का नेतृत्व विद्यसी के संस्थापक और सीईओ करुण कंदोई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में प्रतिभाशाली युवा अवसरों के बावजूद मार्गदर्शन के अभाव में पीछे रह जाते हैं। कॅरिअर विकास अधिकारी उन्हें सही दिशा देंगे। हम एप नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा कॅरिअर मार्गदर्शन नेटवर्क तैयार कर रहे हैं - एक पंचायत, एक कदम। सह-संस्थापक समीर ने कहा कि नीड के तहत एनएसडीसी के साथ जुड़ना गर्व की बात है। उन्होंने प्रीत संधू के योगदान का भी उल्लेख किया। यह पहल गांवों तक अवसर और संस्थागत समर्थन पहुंचाने का मजबूत माध्यम बनेगी।

## अहमदाबाद में 24 को होंगे ऑडिशन

# आरुषि मिस, मिसेज एंड टीन इंडिया के लिए मॉडल्स जताएंगी दावेदारी




**बेधड़क | अहमदाबाद**

शहर में फैशन और प्रतिभा का रंगीन उत्सव देखने को मिलेगा, जब 'आरुषि - मिस, मिसेज एंड टीन इंडिया ब्यूटी पेजेंट' के बहुप्रतीक्षित ऑडिशन 24 मई 2026 को आयोजित किए जाएंगे। भारत24: विजन ऑफ न्यू इंडिया और फर्स्ट इंडिया न्यूजपेपर के मीडिया पार्टनरशिप में आयोजित यह मंच ग्लैमर इंडस्ट्री में उभरते चेहरों को अवसर प्रदान कर रहा है। ऑडिशन सुबह 8:00 बजे से यारों की बैठक फूड कोर्ट, अदानी शांतिग्राम गेट के सामने, अहमदाबाद में होंगे। इस ब्यूटी पेजेंट में तीन प्रमुख कैटेगरी - मिस, मिसेज और टीन - शामिल हैं, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी पहचान, आत्मविश्वास और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। पेजेंट के तहत मिस टीन कॉस्मो इंडिया, मिस स्टार वर्ल्ड इंडिया, मिसेज क्वीन इंटरनेशनल इंडिया और मिस इंटरनेशनल क्वीन इंडिया जैसे प्रतिष्ठित खिताब दांव पर रहेंगे। इस पहल का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रोफेशनल ग्रूमिंग और इंडस्ट्री एक्सपोजर के जरिए सशक्त बनाना है। इसके लिए www.arushi-beautyindia.org पर जाकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

## 'इंडिया टी वॉकाथॉन' में 1000 लोग हुए शामिल

# चाय केवल सुबह की शुरुआत नहीं, आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा



**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी में 'इंडिया टी वॉकाथॉन' की सफलता पर सेशन आयोजित किया गया, जिसमें 1000 से अधिक लोग शामिल हुए। इस दौरान चाय को केवल सुबह की शुरुआत नहीं, बल्कि आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बताया गया। विशेष साक्षात्कार में टी बोर्ड इंडिया के डिप्टी चेयरमैन सी. मुरुगन (IAS) ने चाय को 'ग्लोबल वेलनेस ड्रिंक' बनाने के रोडमैप पर खुलकर चर्चा की। मुरुगन ने कहा कि पूरी दुनिया आज वेलनेस की तलाश में है। हम दुनिया को बस यह याद दिला रहे हैं कि जिस एंटीऑक्सीडेंट्स और प्राकृतिक ऊर्जा को वे खोज रहे हैं, वह सदियों से हमारे घरों में 'भारतीय चाय' के रूप में मौजूद है।' आज की युवा पीढ़ी के कॉफी और एनर्जी ड्रिंक्स की ओर झुकाव पर उन्होंने कहा कि टी बोर्ड प्रतिस्पर्धा के बजाय 'कनेक्शन' पर ध्यान दे रहा है। बोर्ड अब डिजिटल कैंपेन, कैंपस एक्टिवेशन और सोशल मीडिया के जरिए युवाओं से संवाद कर रहा है। मुरुगन ने घोषणा की कि अगले एक साल में देश के 10 से अधिक प्रमुख शहरों में ऐसे वॉकाथॉन और टी-एक्सपीरियंस इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे।

**ट्रिब्यूट टू लेजेंडरी आशा भोसले** | कलाकारों ने दी सुर, लय और ताल में सुरीली प्रस्तुति

# शहर की आबोहवा में घुली मरहूम ताई के सदाबहार गीतों की महक

**बेधड़क | जयपुर**

संगीत आश्रम संस्थान परिसर शुक्रवार को बॉलीवुड की मशहूर प्लेबैक सिंगर मरहूम आशा ताई के सदाबहार गीतों की खुशबू से महक उठा। मौका था संगीत आश्रम संस्थान की ओर से आयोजित 'ट्रिब्यूट टू लेजेंडरी आशा भोसले' कार्यक्रम का। इसमें अनेक बाल व युवा कलाकारों ने लेजेंडरी आशाजी के गाए गीतों को अपनी आवाज में दिलकश अंदाज में पेश कर उन्हें भावभीनी स्वरांजलि दी। तमाम कलाकारों ने सुर, लय और ताल की उम्दा बानगी के साथ गीतों की सलोनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को आनंदित कर दिया।




### पान खाए सैयां हमारो, सांवली सुरतिया...

गिटारिस्ट वत्सल अनुपम के निर्देशन में सजे इस कार्यक्रम में कलाकार जगदीश जीनगर व विमला शर्मा ने तोरा मन दर्पण कहलाए..., खुशबू कंवर व समन्विता सरकार ने पिया तू अब तो आजा..., साधना रावल ने दिल चीज क्या है..., मेहाई व हितैषी ने मैं चली मैं चली..., वनिता हीरानी ने ये मेरा दिल प्यार का..., भूमिका राठौड़ ने पान खाए सैंया हमारो..., पुष्पेन्द्रसिंह व अंजलि शर्मा ने सलोना सा सजन है..., शाहिद खान व पुनीत खण्डेलवाल ने और इस दिल में क्या रखा है... जैसे गीतों से आशाजी के तकनीकी अंदाज को बखूबी पेश किया। इसी प्रकार कुलदीप धाब ने डाली पे बैठी थी दस चिड़िया..., सोनू सोनी ने दुनिया में लोगों को..., आशीष सोनी ने ये लड़का हाय..., सीमा भाट ने कोई शहरी बाबू..., निष्का मोदी ने दिल तो दिल..., अभिराम सोमानी ने ना बोले तुम ना मैंने कुछ कहा..., रीना सोनी व ज्योतिका पोद्दार ने दम मारो दम..., मिताली गर्ग ने आओ हुजूर तुमको..., माहेरा फारुखी ने इन आंखों की मस्ती..., कियाशीं जैन ने रघुपति राघव राजा राम... की सुरीली प्रस्तुति से सदाबहार गीतों की मेलॉडी से माहौल को खुशनुमा बना दिया। अकोर्डियन पर सुलेमान खान, तबले पर इद्रीश, गिटार पर वत्सल अनुपम, हारमोनियम पर हरीश नागौरी और ऑक्टोपैड पर वरुण जांगिड़ ने प्रभावी संगति की। संचालन वीना अनुपम ने किया। अंत में संस्था सचिव अमित अनुपम ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/003/2026-28

न्यूज बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 02 मई, 2026





"पानी जीवन का आधार है, इसे सहेजें।"
डॉ. जगदीश चंद्र, सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने स्व-गणना के माध्यम से 'जनगणना 2027' का किया शुभारंभ

# CM ने पोर्टल पर दर्ज किया डेटा महाअभियान से जुड़ने की अपील

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में जनगणना-2027 के तहत 1 मई से स्व-गणना प्रक्रिया राज्यभर में शुरू हो गई हैं। डिजिटल माध्यम से चल रहे इस महाअभियान में आमजन को स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज करने की सुविधा दी गई है, जिसके जरिए सरकार विकसित और डिजिटल भारत की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक सभी ने इस प्रक्रिया में भाग लेकर नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की है।

शुक्रवार से शुरू हुए स्व गणना अभियान में अब तक 1 लाख फॉर्म भरे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनगणना 2027 के तहत 1 मई से प्रारंभ हुई स्व-गणना में स्वयं भाग लेकर नागरिकों को प्रेरित किया। उन्होंने आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर अपना विवरण भरते हुए आवश्यक जानकारी दर्ज कर फॉर्म सबमिट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना 2027 डिजिटल और विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस महाअभियान से प्रत्येक नागरिक जुड़े एवं राष्ट्र निर्माण के इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग देकर इसे सफल बनाए।




जनगणना 2027 के तहत स्व-गणना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

## स्व-गणना की नागरिक दें सटीक जानकारी: राज्यपाल

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जनगणना को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए स्व-गणना के माध्यम से सटीक जानकारी देने की अपील की। उन्होंने युवाओं और सामाजिक संगठनों से डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग में सहयोग करने और सभी नागरिकों को इस प्रक्रिया से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं और सामाजिक संगठनों से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे अन्य लोगों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करने में सहायता करें ताकि कोई भी व्यक्ति इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए।



## जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारशिला: देवनानी



राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी ने इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए नागरिकों से अपील की कि वे भी जनगणना को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण दायित्व समझते हुए इसमें पूर्ण सहयोग करें। डॉ. देवनानी ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह देश और प्रदेश की योजनाओं, नीतियों और विकास की दिशा तय करने का आधार है। सटीक और पूर्ण जानकारी के आधार पर ही सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आधारभूत ढांचे और सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर सकती है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और इसमें सहयोग करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

## जनगणना दल का सहयोग करने की अपील

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने स्वयं स्व-गणना प्रपत्र भरकर अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि जनगणना के माध्यम से प्राप्त सटीक और विश्वसनीय आंकड़े ही राज्य में जनकल्याणकारी योजनाओं को सही लाभार्थियों तक पहुंचाने और प्रभावी नीतियां बनाने का आधार बनते हैं। यह प्रक्रिया प्रदेश के समग्र विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि जब जनगणना दल उनके घर पहुंचे तो वे सही और पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं।



## मुख्य सचिव का महाअभियान से जुड़ने का आह्वान

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शासन सचिवालय में डिजिटल जनगणना-2027 (डिजिटल जनगणना) की प्रक्रिया के तहत 'सेल्फ एन्यूमरेशन' (स्व-गणना) की। उन्होंने आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in के माध्यम से अपना विवरण दर्ज कर सफलतापूर्वक फॉर्म को सबमिट किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों से इस महाअभियान से जुड़ने का आह्वान भी किया। मुख्य सचिव ने डिजिटल प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि यह बेहद सरल और समय बचाने वाली प्रणाली है। पोर्टल के माध्यम से मात्र दो मिनट के भीतर प्रश्नों के उत्तर देकर जनगणना की औपचारिकताएं पूरी की जा सकती हैं। जिला कलेक्टर संदेश नायक ने जनगणना के प्रथम चरण में 1 से 15 मई 2026 तक आयोजित होने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों के स्व-गणना के कार्य को सभी जिला स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों को पूर्ण गंभीरता व निष्ठा से करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिक से अधिक जनप्रतिनिधियों व आमजन को भी स्वगणना के लिए प्रेरित करने व स्व-जनगणना पोर्टल का अधिकतम उपयोग करने के लिए कहा है।



### डॉ. राकेश हूजा की स्मृति में संगोष्ठी आयोजित

# राज्य की प्रशासनिक क्षमता व विविधता को दर्शाता है राजस्थान का मॉडल: CS




कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी सतीश माथुर, राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ललित के. पंवार और वरिष्ठ पत्रकार स्वाति वशिष्ठ।

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान का 'मैक्सिमम गवर्नेंस - मिनिमम गवर्नमेंट' का प्रशासनिक मॉडल राज्य की प्रशासनिक क्षमता और विविधता को दर्शाता है। राज्य में एक आईएएस अधिकारी का कार्यकाल मरुस्थलीय जिलों से लेकर सिंचित क्षेत्रों तक फैला होता है। यह बात उन्होंने आरआईसी में डॉ. राकेश हूजा की स्मृति में आयोजित 'रिफॉर्मेटिव गवर्नेंस' थीम पर केंद्रित संगोष्ठी के दौरान कही। स्वर्गीय डॉ. राकेश हूजा के साथ अपने जुड़ाव को याद करते हुए वी. श्रीनिवास ने उन्हें एक सम्मानित शिक्षाविद और संस्थान निर्माता बताया, जो राजस्थान के विकास के प्रति समर्पित थे। उन्होंने कमांड एरिया डेवलपमेंट विभाग (1994-95) में उनके अधीन कार्य करने और बाद में एचसीएमआरआईपीए के महानिदेशक के रूप में उनके साथ काम करने के अनुभव साझा किए।

## निष्पक्ष व तटस्थ निर्णय के कारण सम्मान

मुख्य सचिव ने आगे कहा कि राजस्थान में भारतीय प्रशासनिक सेवा को संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप निष्पक्ष और तटस्थ निर्णय लेने के कारण सम्मान प्राप्त है। 'नैतिक भारत' की परिकल्पना 'मैं नैतिक हूं, मैं जवाबदेह हूं, मैं आईएएस हूं' के विश्वास पर आधारित है। उन्होंने सशक्त संस्थाओं पर जोर देते हुए जिला कलेक्टर को एक विशिष्ट और सम्मानित भूमिका मॉडल बताया। साथ ही प्रशासन में तकनीक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधार, डीबीटी, यूपीआई और मनरेगा जैसी डिजिटल पहल और जनकल्याणकारी योजनाओं ने सेवा वितरण को मजबूत किया है।



## जनता प्रशासन को दो नजरियों से देखती है

कार्यक्रम के तहत एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ललित के. पंवार, आईएएस (सेवानिवृत्त) और महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक सतीश माथुर, आईपीएस (सेवानिवृत्त) ने अपने विचार साझा किए। इस सत्र का संचालन वरिष्ठ पत्रकार स्वाति वशिष्ठ ने किया। इस अवसर पर डॉ. ललित के. पंवार ने कहा कि जनता प्रशासन को दो नजरियों से देखती है - पहला 'गो-गेटर', जो पहल करता है और दूसरा 'लेटिंग थिंग्स हैपन', जिसमें परिस्थितियों को जस का तस चलने दिया जाता है। पहले केवल प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ही गैर-प्रदर्शन को उजागर करते थे, लेकिन अब सोशल मीडिया के जरिए कोई भी अपनी बात रख सकता है, इसलिए सतर्क रहना आवश्यक है। महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक सतीश माथुर ने कहा कि फील्ड में कार्यरत पुलिस अधिकारियों को आमजन के लिए आसानी से उपलब्ध होना चाहिए।

# ईमानदारी और दूरदृष्टि से बनी माहेश्वरी समाज की मजबूत पहचान: बिरला

**एजेंसी** | हल्द्वानी (उत्तराखंड)

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को हल्द्वानी में माहेश्वरी समाज के कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां समाज के बंधुओं-बहनों ने उनका भावपूर्ण स्वागत और सम्मान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान महेश के वंशज माने जाने वाले माहेश्वरी समाज ने सेवा, त्याग और सदाचार के मूल्यों के साथ देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। व्यापार, उद्योग, शिक्षा और समाजसेवा जैसे क्षेत्रों में समाज का योगदान प्रेरणादायक और अनुकरणीय रहा है।



हल्द्वानी में शुक्रवार को माहेश्वरी समाज के कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का अभिनंदन करते माहेश्वरी समाज के लोग।

### IFS मीणा की साइकिल से निरीक्षण करने की अनोखी कार्यशैली से है पहचान

# 'साइकिल वाले अफसर' कैलाश मीणा को केंद्र ने सौंपी DDGF की जिम्मेदारी

**राजेंद्र छाबड़ा** | बेधड़क

**जयपुर।** ब्यूरोक्रेसी में 'साइकिल वाले अफसर' के नाम से जाने जाने वाले भारतीय वन सेवा के अधिकारी (आईएफएस) कैलाश चंद मीणा सेंट्रल डेपुटेशन पर चले गए हैं।

डीओपी ने दो दिन पूर्व उन्हें जयपुर से रिलीव कर दिया। 1997 बैच के सीनियर आईएफएस अधिकारी कैलाश चंद मीणा को डिप्टी डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट (डीडीजीएफ), रीजनल ऑफिस भोपाल के महत्वपूर्ण पद पर लगाया गया है। भारत सरकार के कार्मिक विभाग (डीओपीटी) के आदेशानुसार उन्हें 5 वर्ष की लंबी अवधि के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। मूलतः राजस्थान में ही दौसा के बाशिंदे कैलाश चंद मीणा यहां एडिशनल चीफ कन्जर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट की सीनियर पोस्ट पर जून 2023 से काबिज थे। अक्टूबर 2028 में उनका रिटायरमेंट है। ऐसे में अब सेवाकाल के दौरान उनका राजस्थान लौटने का कोई चांस नहीं है। वे पिछले 12 वर्षों से निरंतर जयपुर में ही पोस्टेड रहे हैं और यहां वे 'साइकिल वाले अफसर' के नाम से जाने जाते रहे हैं।



कैलाश चंद मीणा।

दरअसल साइकिल पर चलना और भ्रमण करना इस फोरेस्ट ऑफिसर की जीवन शैली का हिस्सा बन गया है। यह अनूठी और रोचक जीवन शैली उनकी सरकारी नौकरी का भी पार्ट बन गई है। वे न केवल घर से ऑफिस साइकिल पर ही आते-जाते हैं, बल्कि निरीक्षण और निर्देशन के लिए सरकारी दौरे भी साइकिल से ही करते हैं। उनकी सोच है कि फील्ड में और सड़क किनारे पर प्लांटेशन के काम को वे साइकिल से प्रभावी और बारीकी से देख पाते हैं। साइकिल पर यात्रा का उनका जुनून और शौक इस सीमा तक है कि पिछले दिसंबर में जयपुर से जैसलमेर तक की 500 किलोमीटर से भी ज्यादा दूरी उन्होंने साइकिल पर ही नापी थी। अभी जयपुर छोड़ने से पूर्व अप्रैल में भी जयपुर से दिल्ली नेशनल हाईवे की यात्रा उन्होंने साइकिल पर ही की थी। पूरे रास्ते वे वन विभाग के काम-काज और प्लांटेशन का निरीक्षण करते गए। महीने में कई-कई बार 150 से 200 किलोमीटर की यात्रा उनके लिए सामान्य बात रही है। वे थकते नहीं हैं, उल्टे 'साइकिल के पैडल मारने से उनमें ज्यादा स्फूर्ति आ जाती है', ऐसा वे कहते हैं। 'साइकिल वाले' इस आईएफएस ऑफिसर की केंद्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी समूचे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। विशेषकर इसलिए कि राजस्थान के आईएफएस अफसरों को केंद्र में डेपुटेशन पर जाने का बहुत कम चांस मिल पाता है। वर्ष 2025 में यह चांस बमुश्किल दो ऑफिसरों को मिला था।

## बेधड़क FIRST

### स्किल महकमे के राज्य मंत्री ने बताई अपनी 'स्पीच स्किल'

स्किल महकमे के राज्य मंत्री केके विश्नोई इन दिनों अपनी भाषाई दक्षता को लेकर चर्चा में हैं। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपनी स्पीच स्किल का प्रदर्शन करते हुए कई विदेशी भाषाओं में संवाद कर सभी को प्रभावित किया। मंत्री विश्नोई को डच, फ्रेंच, जर्मन और अंग्रेजी के साथ स्पेनिश व चीनी भाषा का भी ज्ञान है। इसके अलावा उन्हें अरबी और जापानी भाषा की भी सामान्य समझ है। बताया जाता है कि उन्होंने कम उम्र में ही इन भाषाओं को सीखना शुरू कर दिया था। हालांकि विदेशी भाषाओं में दक्ष होने के बावजूद वे अपनी मातृभाषा मालानी मारवाड़ी को सबसे बेहतर ढंग से बोलते हैं, जिस पर उन्हें विशेष गर्व है।



### मध्यप्रदेश कांग्रेस में अब भी ओल्ड गार्ड वर्सेज यंग जैसे हालात

मध्यप्रदेश कांग्रेस में पुराने और युवा नेतृत्व के बीच खींचतान एक बार फिर चर्चा में है। हाल ही में वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को लेकर चुटीले अंदाज में बयान दिए। उन्होंने कहा कि जीतू देश के इकलौते ऐसे अध्यक्ष हैं, जो केसी वेणुगोपाल से कुछ भी करवा सकते हैं और उनकी एआईसीसी में मजबूत पकड़ है। इस पर जीतू पटवारी ने जवाब देते हुए खुद को दिग्विजय सिंह का चेला बताया। इस पर दिग्विजय ने कहा कि गुरु गुड़ रह गया और चेला शक्कर बन गया। इन बयानों को लेकर कांग्रेस में अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं।

### मारवाड़ बीजेपी के दो दिग्गजों का मिलन



मारवाड़ से जुड़े भाजपा के दो वरिष्ठ नेताओं की हाल ही में जयपुर में खास मुलाकात चर्चा में रही। इनमें एक केंद्रीय मंत्री हैं, जबकि दूसरे राज्य सरकार में मंत्री हैं। जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री को राज्य मंत्री अपने सरकारी आवास पर लेकर पहुंचे, जहां दोनों के बीच काफी देर तक सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर राजस्थान में विशेष सत्र की संभावना

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर राजस्थान सरकार विशेष सत्र बुलाने पर विचार कर सकती है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड जैसे भाजपा शासित राज्यों में इस मुद्दे पर विशेष सत्र पहले ही बुलाए जा चुके हैं। राजस्थान विधानसभा के मौजूदा सत्र का हाल ही में सत्रावसान हो चुका है, ऐसे में सरकार अब राज्यपाल से विशेष सत्र बुलाने का आग्रह कर सकती है। संसदीय कार्य मंत्री की ओर से राज्यपाल को पत्र लिखे जाने की तैयारी है। अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सदन के नेता के स्तर पर होगा। राज्यपाल की अनुशंसा के बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी विशेष सत्र बुला सकते हैं।

### आखिर कब खत्म होगा 10-11 नंबर दवा काउंटर का दर्द ?

सवाई मानसिंह अस्पताल में निशुल्क दवा योजना के तहत दवाओं की उपलब्धता को लेकर मरीजों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के 10-11 नंबर दवा काउंटर पर मरीजों को लंबी कतारों में लगकर पर्ची जमा करनी पड़ती है, उसके बाद फोटो कॉपी करवाने की प्रक्रिया और फिर दोबारा लाइन में लगकर सीमित दवाएं मिलती हैं। कई आवश्यक दवाएं RMSCL से उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को सरकारी प्रक्रिया के तहत कई दिनों तक संघर्ष करना पड़ता है। काउंटर पर केवल कुछ ही दवाएं मिलने से बाकी दवाओं के लिए मरीजों को 2-3 दिन तक चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी ने स्वीकार किया कि समस्या मौजूद है और इसके समाधान पर काम किया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि अनुपलब्ध दवाओं के लिए अलग व्यवस्था की जाएगी और 10-11 नंबर काउंटर को नए स्थान पर शिफ्ट करने की तैयारी भी चल रही है।




फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।